


# तरुण छत्तीसगढ़




e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 157 | कोरबा, रविवार, दिनांक 09 मार्च 2025 डाक 10 मार्च 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा** — बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना स्थित जेडीयू कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**देश-विदेश** — कर्नाटक में सीएम पद के लिए घमासान, खरगे बोले- साथ मिलकर काम करें सिद्धारमैया -शिवकुमार



**कोरिया जिला** — कोयला खदान के मेहनती कामों में अद्वितीय योगदान दे रही महिलाएं



## गोवा पुलिस का बड़ा एक्शन, 11 करोड़ से ज्यादा की ड्रग्स जब्त

### राज्य में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई



**पणजी, 09 मार्च [एजेंसी]।** गोवा में एक व्यक्ति को 11.67 करोड़ रुपये मूल्य की हाइड्रोपोनिक वीड रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दावा किया कि गोवा के इतिहास में यह ड्रग्स की सबसे बड़ी जब्ती है। पुलिस अपराध शाखा के प्रवक्ता ने बताया कि व्यक्ति को शनिवार को पणजी और मापुसा शहरों के बीच स्थित गुरिम गांव से गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने कहा, हमने उसके पास से 11.672 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड जब्त किया, जिसकी कीमत 11.67 करोड़ रुपये है। यह गोवा के इतिहास में ड्रग्स की सबसे बड़ी जब्ती है। उस पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की सराहना करते हुए, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गोवा के सबसे बड़े ड्रग बस्ट के लिए क्राइम ब्रांच गोवा पुलिस को बधाई!

## मणिपुर में फ्री ट्रैफिक मूवमेंट के बाद भड़की हिंसा, आज बंद का ऐलान, 24 घंटे में एक की मौत और कई घायल

**इंफाल, 09 मार्च [एजेंसी]।** मणिपुर में एकबार फिर हिंसा के चलते तनाव की स्थिति है। हिंसा प्रभावित कांगपोकपी जिले में रविवार सुबह स्थिति शांत रही, लेकिन फिर भी लोगों के बीच तनाव देखने को मिला। दरअसल, आज कुकी-जो समूहों ने सुरक्षा बलों की कार्रवाई के खिलाफ अनिश्चितकालीन बंद बुलाया है, जिससे राज्य में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ।

कांगपोकपी जिले में वैसे तो आज शांति है, लेकिन तनाव का माहौल अब भी बना हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को कांगपोकपी जिले के विभिन्न हिस्सों में कुकी प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पों में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई। इस झड़प में महिलाओं और पुलिसकर्मियों सहित 40 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे जाने के बाद कुकी बहुल जिले में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें हुईं। ये प्रदर्शनकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राज्य भर में फ्री ट्रैफिक मूवमेंट की अनुमति देने का विरोध कर रहे थे।



जिले के एक अधिकारी ने बताया कि एनएच-2 (इंफाल-दीमापुर रोड) के साथ गमघीफई और जिले के अन्य हिस्सों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है और कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की गश्त की जा रही है। अधिकारी ने ये भी बताया कि प्रदर्शनकारियों ने सेना के जवानों के खिलाफ गुलेल का इस्तेमाल किया और शनिवार देर रात तक सुरक्षा बलों के साथ झड़पें हुईं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों के कम से कम पांच वाहनों के शीशे तोड़े गए।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत बिगड़ी, दिल्ली एम्स में कराया गया भर्ती



**नइदिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें रविवार सुबह सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत हुई। इस पर उपराष्ट्रपति को दिल्ली एम्स के कार्डियक विभाग में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रख रही है।एम्स अस्पताल के सूत्रों के हवाले से बताया कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सुबह-सुबह दिल्ली के एम्स के हृदय विभाग में भर्ती कराया गया। उनकी हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है।

73 वर्षीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सुबह करीब 2 बजे एम्स ले जाया गया और फिलहाल उन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में निगरानी में रखा गया है। कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के एम्स में भर्ती होने के बाद केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता जेपी नड्डा ने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी के लिए एम्स का दौरा किया।

## अमेरिका में हिंदू मंदिर पर हमला, तोड़फोड़ के बाद लिखे गए भद्दे कमेंट, अब विदेश मंत्रालय का आया रिएक्शन



**नई दिल्ली।** अमेरिका में हिंदू मंदिर को एक बार फिर निशाना बनाया गया है। कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स स्थित एक बीएपीएस हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ और दीवारों पर भद्दे कमेंट किए गए हैं। अब इसको लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय का भी बयान सामने आया है। भारत ने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में हुई बर्बरता की निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम इस तरह के घृणित कार्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हिंदू मंदिर में हुई बर्बरता को हम नहीं बर्दाश्त करने वाले हैं। मंत्रालय ने कहा कि हम स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हैं।भारत ने हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा की और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। भारत ने इसी के साथ घटना के मद्देनजर पूजा स्थलों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने की भी मांग की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ के बारे में रिपोर्ट देखी है। हम इस तरह के घृणित कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।

## दर्दनाक सड़क हादसा, डिवाइडर से टकराई बुलेट धू-धूकर जली, ड्यूटी जा रहे दारोगा की मौत

**हाजीपुर।** हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच 22 गोरौल थाना क्षेत्र के गोरौल चौक के निकट सड़क हादसे में बेतिया ड्यूटी पर जा रहे एसआई की मौत हो गई। मृतक रवि कुमार नालंदा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वह बेतिया के भगहा थाना में पदस्थापित थे। दारोगा रवि कुमार बुलेट बाइक से बेतिया ड्यूटी जा रहे थे। इसी दौरान एनएच पर बुलेट बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटनास्थल पर रवि कुमार की मौत हो गई, जबकि बुलेट बाइक धू- धूकर जल गई।घटना की सूचना पर स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। घटना की जानकारी मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा दमकल कर्मियों को दी गई।

घटना की सूचना पर पहुंची दमकल कर्मियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बुलेट पूरी तरह जल चुकी थी।बिदुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पकड़ी गांव में करंट की चपेट में आने से मां बेटी की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। स्वजन का रोते-रोते बुरा हाल है। मृतका स्थानीय अनिल चौधरी की 40 वर्षीय पत्नी संगीता देवी एवं 18 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी बताई गई। मिली जानकारी के अनुसार प्रियंका कुमारी स्नान करने के बाद कपड़ा सुखाने गई थी। इसी दौरान बिजली पोल से लटकी नंगे तार में करंट की चपेट में आ गई। प्रियंका के करंट की चपेट में आने से मौके पर मौजूद लोगों की नजर पड़ी तो लोग शोर-शराबा करने लगे।

## जादवपुर विश्वविद्यालय की घटना पर सीएम ममता बनर्जी ने गजब संयम दिखाया, सांसद का चौंकाने वाला बयान



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बीते दिनों जादवपुर विश्वविद्यालय में हुए हंगामे को लेकर राज्य का राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। अब टीएमसी की एक सांसद ने कहा है कि जादवपुर विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन को लेकर सीएम ममता बनर्जी ने गजब का संयम दिखाया है।

जादवपुर लोकसभा सीट से सांसद सयानी घोष ने कहा कि अगर विश्वविद्यालय परिसर में हालात ऐसे ही बने रहते हैं तो इससे विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा ऐसी गिरेगी कि उसे वापस पाना मुश्किल हो जाएगा। टीएमसी सांसद पार्टी के एक कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम से इतर उन्होंने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि वामपंथी छात्रों के उकसावे के बावजूद सीएम ममता बनर्जी उल्लेखनीय धैर्य और संयम दिखा रही हैं। वामपंथी छात्र परिसर में हंगामा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा दिखाए गए धैर्य के कारण ही मंत्री पर हमले के बावजूद पुलिस परिसर में प्रवेश नहीं कर रही है। जादवपुर विश्वविद्यालय हमेशा से अपने उदार मूल्यों और उच्च शैक्षणिक मानकों के लिए जाना जाता है। टीएमसी सांसद सायानी घोष ने कहा कि अगर एसएफआई और नक्सलियों की ऐसी गुंडागर्दी जारी रही, तो वह दिन दूर नहीं जब विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा इतनी गिर जाएगी कि उसे वापस पाना असंभव हो जाएगा। हम नहीं चाहते कि ऐसा हो।

जादवपुर विश्वविद्यालय में लंबे समय से छात्र लंबित छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। बीती 1 मार्च को उस समय हंगामा और बढ़ गया जब राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जादवपुर विश्वविद्यालय परिसर में आए थे।


## कांग्रेस के 6 नेता-कार्यकर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**सारंगढ़।** राजनीतिक विवाद की खबर सामने आ रही हैं। जनपद और नगर पालिका चुनावों को लेकर तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। पहला मामला सारंगढ़ का हैं जहां जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर भारी विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर जनपद सदस्यों को धमकाने और गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर बीच रास्ते में गाड़ी रोककर धमकाने का आरोप हैं। भाजपा का दावा है कि कांग्रेस समर्थक जबरन जनपद सदस्यों को अपने पक्ष में वोट देने के लिए दबाव बना रहे हैं। नगर पालिका (नपा) अध्यक्ष और युवा कांग्रेस अध्यक्ष समेत 6 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया गया हैं। कोतवाली थाना में भाजपा की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।










## एक लाख का इनामी छैमार गिरोह का सरगना ढेर, मथुरा पुलिस से हुई बदमाश की मुठभेड़



**मथुरा 9 मार्च।** हाईवे पुलिस ने रविवार तड़के मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी व छैमार गिरोह के सरगना को ढेर कर दिया है। मारा गया बदमाश हापुड़ जिले का रहने वाला था। हाईवे थाना प्रभारी आनंद कुमार शाही ने बताया, मुखबिर की सूचना पर रविवार सुबह तड़के हाईवे क्षेत्र में बदमाशों की घेराबंदी की गई थी। इसी दौरान अंतर राज्यीय छैमार गिरोह के सरगना से फाती उर्फ असद से मुठभेड़ हो गई। फायरिंग में गोली लगने से सरगना घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## उफ्फ! ये गर्मी के तेवर, मार्च में ये हाल

**रायपुर।** पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाओं का असर घटते ही गर्मी के तेवर तीखे होने लगे हैं। छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान 37.5सी तक पहुंच चुका है, जबकि कुछ इलाकों में अभी भी हल्की ठंडक बनी हुई है। राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर और बेमेतरा में गर्मी बढ़ गई है। मौसम विशेषज्ञ एचपी. चंद्रा के मुताबिक 13 मार्च तक सूरज के तेवर तीखे रहेंगे। इस दिन कहीं-कहीं बादल छाए रह सकते हैं। वहीं उत्तर छत्तीसगढ़ में अब भी ठंड बरकरार है। सरगुजा के बलरामपुर-रामानुजगंज में रात का तापमान केवल 8 डिग्री है। रायपुर में अधिकतम तापमान 36.5 सी दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2सी ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 18.7सी रहा। मौसम पूरी तरह शुष्क बना हुआ है और अगले 24 घंटे में तापमान 36-37 सी तक पहुंच सकता है।

# प्रदेश सरकार के प्रयासों से हो रहा है हर तरफ महिला सशक्तिकरण : लखन लाल देवांगन

### जिले के आंगनबाड़ी आश्रम छात्रावास की महिला कर्मचारियों को मिली धुएं से मुक्ति

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महतारी वंदन सम्मेलन समारोह आयोजित

### राज्य के विकास में महिलाओं का योगदान बराबर है कलेक्टर श्री अजीत वसंत



**कोरबा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में महतारी वंदन सम्मेलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं के योगदान को सराहा गया और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। प्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिसके तहत महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। रेडी टू ईट योजना को पुन: शुरू किया गया है, जिससे महिलाओं को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा, जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों, छात्रावासों और आश्रमों में लकड़ी के चूल्हों के स्थान पर गैस सिलेंडर की व्यवस्था की गई है, जिससे महिलाओं को धुएं से राहत मिलेगी। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री महिलाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहें है। उन्होंने श्रम विभाग द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने सिलाई मशीन, साइकल सहित अन्य सामग्रियों हेतु खाते में राशि दी जा रही है।

जिला कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य के विकास में महिलाओं का बराबर योगदान है। हाल ही में संपन्न नगरीय निकाय चुनाव में महिलाओं की भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि वे प्रशासनिक कार्यों में भी आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा की महिलाओं को अपने पैरो पर खड़ा होने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम होना जरूरी है नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पवन कुमार सिंह ने कहा कि अब महिलाओं का उत्थान केवल एक चर्चा का विषय नहीं रह गया है, बल्कि वे पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी से सशक्तिकरण को और बल मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान महिला कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महतारी वंदन योजना से लाभांवित महिलाओं ने अपना अनुभव बताया।

## शांति समिति की बैठक 11 मार्च को

**कोरबा।** जिले में आगामी 13 मार्च 2025 को होलिका दहन, 14 मार्च 2025 को होली पर्व, 31 मार्च 2025 को ईद-उल-फितर पर्व एवं 06 अप्रैल 2025 को रामनवमी पर्व शांति पूर्वक मनाये जाने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 11 मार्च 2025 दिन मंगलवार को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों को समय पर उपस्थित होने का निर्देश दिए गए है।

## नूतन के सभापति बनने पर वार्डवासियों ने गाजे-बाजे एवं पटाखे के साथ किया भव्य स्वागत



**कोरबा।** कोरबा जिला नगर निगम नवनिर्वाचित सभापति नूतन सिंह ठाकुर के पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में वार्डवासियों ने भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया। यह समारोह गाजे-बाजे, फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी आतिशबाजी के साथ बेहद उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। वार्ड के नागरिकों ने पूरे जोश और उमंग के साथ नूतन सिंह ठाकुर का स्वागत किया। स्वागत जुलूस में ढोल-नगाड़ों की धुन पर लोग झूमते नजर आए। स्थानीय युवाओं ने पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया। महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से आरती उतारकर सभापति को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नूतन सिंह ठाकुर सभापति ने जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे वार्ड की है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगी और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगी। समारोह में कई गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। वार्ड के लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक क्षण को यादगार बना दिया।

# चयापचय सही नही होने से कम होता है हीमोग्लोबिन,शिविर में बताया डॉ नागेंद्र ने



**कोरबा।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इस वर्ष की थीम एक्सीलरेट एक्सन के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत निशुल्क हीमोग्लोबिन जांच, नि:शुल्क रक्तचाप जांच, निशुल्क रक्त शर्करा जांच, तथा महिलाओं एवं युवतियों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य, एवं असाध्य रोगों हेतु दिनाँक 08 मार्च 2025 शनिवार को लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, विश्व हिंदू परिषद एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि चिकित्सालय,श्री शिव औषधालय दुकान क्रमांक 10,11 महानदी काम्प्लेक्स में आयोजित निशुल्क आयुर्वेद-योग, चिकित्सा परामर्श शिविर में 36 मरीज लाभान्वित हुए ।शिविर में विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करने वाले छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञा नाड़ीवैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा एवं नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया की ज्यादातर महिलाओं में खुन (हीमोग्लोबिन) की कमी पाई गई। जिसका प्रमुख कारण महिलाओं का अपनी सेहत के प्रति लापरवाह होना है। साथ ही चयापचय के कमजोर होने से भी हीमोग्लोबिन की कमी पाई जाती है। इसके लिये महिलाओं को अपनी सेहत पर ध्यान देने के साथ-साथ अपने चयापचय को ठीक रखने के लिये प्रयास करना चाहिये। साथ ही उन्होंने गिलोय एवं गेंहू के जवारे के रस को हीमोग्लोबिन की कमी को दूर करने के लिये अत्यंत लाभकारी बताया। शिविर मे महिलाओं के लिये उपयोगी उनको ऊर्जा प्रदान करने वाला, उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने वाला क्वाथ निशुल्क पिलाया गया । शिविर मे रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) की जांच निशुल्क करने के साथ शुगर की परीक्षित औषधि भी निशुल्क दी गई। शिविर में नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, नाड़ीवैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा के अलावा श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल, कोषाध्यक्ष लायन गजेंद्र राठौड, संरक्षक लायन सुधीर सक्सेना, कार्यकारिणी सदस्य लायन नेत्रनन्दन साहू, लायन कमल धारीया, लायन अश्वनी बुनकर, मनीष कौशिक, तोरेंद्र सिंह, महेंद्र साहू, चक्रपाणि पांडे, दुर्गेश राठौर, देवबली कुंभकार, कमला कुंभकार, राकेश इस्पात, सिद्धराम शाहनी एवं हर्ष नारायण शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## रक्तदान शिविर में काफी संख्या में महिलाओं की भागीदारी

कोरबा। मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कांग्रेस द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, कार्यक्रमों में मुख्य रूप से घंटाघर स्थित बिलासा ब्लड बैंक में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी सहभागिता निभाई और बढ़ चढ़कर रक्तदान में हिस्सा लिया,

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर निगम के पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल रही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं के साथ केक काटकर महिला दिवस की खुशियां बांटी एवं कार्यक्रम के समाप्ति के पश्चात सभी रक्तदान करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया,इस अवसर पर पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी,

## कटघोरा एवं पाली में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**कोरबा।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोरबा द्वारा कटघोरा एवं पाली में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन कर प्रतिभागियों को विभिन्न विभागीय योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई। कटघोरा के शासकीय मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय में आयोजित विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय शिविर में विभागीय अधिकारीयां द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना स्टार्ट अप इंडिया एवं स्टैंडअप इंडिया जैसे केन्द्रिय योजनाओं एवं छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के बारे में विस्तार के जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बडौदा कटघोरा के शाखा प्रबंधक द्वारा स्वरोजगार योजनाओं में बैंक की भूमिका विषय पर सार्थक रूप से विचार व्यक्त किया गया। साथ ही अन्य सदस्यों द्वारा उद्यमिता आज की जरूरत विषय पर रोचक ढंग से विचार प्रस्तुत किया गया।

इसी प्रकार पाली के आईटीआई में आयोजित एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर में छत्तीसगढ़ शासन की औद्योगिक नीति 2024-30 के अंतर्गत स्थायी पूंजी अनुदान, ब्याज अनुदान, स्टाम्प शुल्क एवं रियायतें तथा विभिन्न विभागीय योजनाएं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत विनिर्माण क्षेत्र फ्लाई ऐश ब्रिक्स, दोना पत्तल निर्माण, अगरबत्ती निर्माण आदि सेवा क्षेत्र, च्वाईस सेंटर, मोबाइल रिपेर्यरिंग, टेंट हाउस इत्यादि में ऋण सुविधाओं साथ ही प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना पीएमएफएमई आचार, पापड़, बड़ी आदि निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में प्रतिभागियों को विभिन्न गतिविधियों के तहत मोटिवेट होकर लाभांवित होने के लिए प्रेरित किया गया।



## आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं नारी शक्ति : रेणु

### आरएन पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व महिला दिवस

**कोरबा।** आर एन इंग्लिश स्कूल गुरुद्वारा पाली रोड दीपका में विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम एक सम्मान नारी के नाम आयोजित किया गया। दोपहर 1 बजे से प्रारंभ हुए इस आयोजन में स्कूल की सभी महिला शिक्षिकाओं को शॉल, श्रीफल और पेन देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय की प्राचार्या रेणु तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि. हर महिला को सशक्त बनाने की शक्ति किसी और के हाथ में नहीं, बल्कि वह स्वयं अपने भीतर की प्रतिभा को पहचानकर सशक्त बन सकती है। नारी अब अबला नहीं, बल्कि वह हर क्षेत्र में अपनी जगह स्वयं बना रही है। उसे किसी सहारे की आवश्यकता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है।

संस्था के उपनिदेशक शब्यासाची नाग ने सभी शिक्षिकाओं को महिला दिवस कि बधाई और शुबकामनाएं दी। साथ स्कूल के डाइरेक्टर के पी नाग के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूरे विद्यालय में महिला सशक्तिकरण और सम्मान का माहौल बना रहा।

कार्यक्रम में प्राचार्या रेणु तिवारी, आफरीन खातून, शिमला यादव, अनीता पंकज, सरोज महंत, तारा तंवर, मीरा बरेठ, प्रीती रे, सुमन धीमान, जावेदा बेगम,प्रीती शर्मा, मुस्कान, रमनदीप कौर, शारदा यादव, अंजलि सिंह, हेमलता साहू सम्मिलित थे।

## नगर निगम सभापति चुनाव में भाजपा अधिकृत प्रत्याशी के विरोध कार्य करने वाले पर होगी सख्त कार्रवाई, प्रदेश स्तरीय समिति द्वारा की जाएगी जांच : मनोज शर्मा

### अनुशासन की लौ जलाएंगे, संगठन विरोधियों को सबक सिखाएंगे

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने स्पष्ट किया है कि नगर पालिका निगम कोरबा के सभापति चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरोध में कार्य करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन के निर्णयों के विरुद्ध कार्य करने वालों पर सख्त अनुशासनात्मक कदम उठाए जाएंगे और इस संबंध में प्रदेश स्तरीय समिति द्वारा जांच करने की बात भी कही गई हैं।मनोज शर्मा ने कहा कि भाजपा अनुशासन और संगठनात्मक एकता में विश्वास रखती है। जो भी कार्यकर्ता या पदाधिकारी पार्टी लाइन के खिलाफ काम करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन हित में कार्य करने की अपील की और कहा कि पार्टी के प्रति वफादारी और अनुशासन सर्वोपरि है।कोरबा नगर पालिक निगम के सभापति चुनाव के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन ने इस मामले की गहन जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों पर जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## रेडक्रॉस सोसाइटी ने छात्र पार्थ राठौर को श्रवण यंत्र भेंट किया



कोरबा। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आए दिन जनहित में व्हीलचेयर चेयर ,वाटर फ्रिज, श्रवण यंत्र सहित सामाजिक गतिविधियों में सेवा भाव से कार्यरत है इसी कड़ी में जमनी पाली निवासी मनोज राठौर के पुत्र पार्थ राठौर जो नाबालिक है एक कान से सुनाई नहीं देने के चलते रेड क्रॉस सोसाइटी के समक्ष श्रवण यंत्र के लिए आवेदन दिया था। जिस पर रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन राम सिंह अग्रवाल, वाइस चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद तिवारी, राज्य प्रतिनिधि योगेश जैन के संयुक्त तत्वाधान में पार्थ राठौर को श्रवण यंत्र समर्पित किया गया इस पर पार्थ के पिता ने जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रति धन्यवाद दिया है

## मौत का कुंआ:पेट की खातिर जान की बाजी लगाकर दिखाते हैं करतब, दूसरों के मनोरंजन के लिए मौत से दोस्ती

**कोरबा/पाली।** जिले के पाली नगर में महाशिवरात्रि पर्व के साथ ही मेला का आयोजन हो रहा है। जहां अनेको स्टॉल्स लगे है, इसमें स्थानीय और आसपास क्षेत्र से आए लोगों का मनोरंजन भी भरपूर हो रहा है। लेकिन इन सबके बीच मेले में मनोरंजन का एक साधन सबसे अलग है, और वह है मौत का कुंआ। फटफट करती बाइक की आवाज और एक बड़े से कुंए में फर्राटे से चलती कार तथा इन्हें हाथ छोड़कर चलाते कलाकार, जो अपने व परिवार के पेट की खातिर अपनी जान दांव पर लगाकर दर्शकों का मनोरंजन करते है। जिसे लोग चाव से देखते है। बचपन मे मेला सबको खूब भाता है। इसके साथ ही बड़े भी मेले का लुत्त उठाने से पीछे नही रहते। मेले में नाना प्रकार के चीजों की दुकाने लोगों को परस्पर अपनी ओर खींचता है। बच्चे, युवा, जवान, महिलाएं सभी झूले का भी जमकर आनंद लेते है। वहीं एक कुंए के जैसे गहरी खाई सी दिखने वाली जगह, जिसे मौत कुंआ कहते है।

## 10 मार्च तक चलेगा मेला

**कोरबा।** नगर पंचायत पाली में महाशिवरात्रि का मेला 26 फरवरी से 10 मार्च तक आयोजित किया गया है. जो इन दिनों शबाब पर है.मेले का आनन्द लेने बड़ी संख्या में पाली और आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीण ज़न सपरिवार पहुँच रहे हैं. नगर पंचायत पाली में ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व वाला पुरातन शिव मंदिर है. जिस पर पूरे क्षेत्र की लोगों की अटूट आस्था है. पाली ही नहीं वरन देश प्रदेश के शिव भक्तों का महाशिवरात्रि पर्व पर समागम होता है. विगत कई दशक से महाशिवरात्रि पर्व पर मेले का आयोजन होते आ रहा है. पर्व की मध्य रात्रि से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक करने उमड़ने लगती है, यह क्रम अगले दिन तक देर शाम तक अनवरत चलता है. मेले के आयोजन के दौरान भी प्रतिदिन श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं और मेले में खरीददारी करते हैं. इस वर्ष मेले मीना बाजार, विविध झूले, मनोरंजक स्टाल, फास्ट फूड के दर्जनों स्टाल, बरतन, कपड़े, होटल्स, खिलौने, सहित मौत का कुआ आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं. पाली में मेले के आयोजन को देखते हुए और जुड़ने वाली भीड़ ,लोगों के उत्साह को मद्देनजर रख विगत एक दशक से जिला प्रशासन पाली महोत्सव का सांस्कृतिक आयोजन भी कर रहा है. जिससे पाली क्षेत्र और इस मेले तथा क्षेत्र का वैभव बढ़ा है. पाली महोत्सव के आयोजन के लिए पृथक से केराझरिया रोड पर स्थल चयनित कर स्थायी महोत्सव स्थल बना दिया गया है.जहां विगत 3 वर्षों से पाली महोत्सव का आयोजन होते आ रहा है. इस वर्ष भी दो दिवसीय आयोजन 26 एवं 27 फ़रवरी को आयोजित किया गया था .जिसमें बॉलीवुड सिंगर शान,भजन गायिका मैथिली ठाकुर, छग भजन सम्राट दिलीप षड़ंगी, छग गायक सुनील सोनी सहित क्षेत्र के ख्याति लब्ध कलाकारो ने अपनी कला का जादू बिखेरा. जिसे देखने सुनने हजारों की भीड़ एकत्रित हुई थी. अब क्षेत्र के सबसे बड़े मेले में लोगों की भीड़ उमड़ रहीं हैं.

## नगर पंचायत पाली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ

**कोरबा।** नगर पंचायत पाली के नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष एवं 15 वार्ड पार्षदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

जानकारी के अनुसार मंगल भवन पाली में छत्तीसगढ़ राज्य के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य अतिथि में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों के स्वागत के बाद शपथ ग्रहण की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल समेत सभी 15 वार्डों के पार्षद क्रमश: ज्योति उईके, अनित पटेल, उमेश चंद्र, चंद्रशेखर पटेल, सोना ताम्रकार लखन प्रजापति, पुनीराम पटेल बबलू, दीप्ति शर्मा, भूपेंद्र कुर्रे, गीता शुक्ला, सुनील साहू, तूफान सिंह राज, मोनिका जायसवाल, रीमा वर्मा, आशा समीन पटेल ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों ने नगर वासियों को विश्वास दिलाया कि जिस उम्मीद के साथ उनको प्यार, स्नेह, सहयोग और आशीर्वाद देकर सदन में भेजा है। नगर विकास और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य करेंगे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रशांत मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भवनानी, अशोक चवलानी, ज्ञान सिंह राजपाल, शिव चौहान, रोशन सिंह ठाकुर, यशवंत लाल, शैलेश सिंह ठाकुर, नवीन सिंह, विजय बहादुर जगत, सीएमओ पूर्णेदु तिवारी आदि सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और सभी वार्डों के नागरिक, महिलाएं, पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## भारतीय महिला टीम ने जीता एशियन कबड्डी चैंपियनशिप, कटघोरा की सुश्री संजू देवी भी विजेता टीम में शामिल

**कोरबा।** कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा कॉलेज से सुश्री संजू देवी का भारतीय महिला कबड्डी टीम के सदस्य के रुप में 6वां एशियन कबड्डी चैंपियनशिप, तेहरान, ईरान 2025 (वीमेन) के लिये चयन हुआ था जहां अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन भारतीय महिला कबड्डी टीम ने अपना परचम लहराया है। उन्होंने एशियन चैंपियनशिप जीत ली हैं।

जानकारी के अनुसार शासकीय मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय कटघोरा की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सुश्री संजू देवी ने अपनी लगन, कठिन परिश्रम से कबड्डी (महिला) परिक्षेत्र, विश्वविद्यालयीन जोनल, अखिल भारतीय, खेलो इंडिया में सफलता पूर्वक सफल होकर भारतीय महिला कबड्डी टीम में अपनी जगह बनाई थी। कबड्डी के 27 वर्ष के इतिहास में प्रथम बार छत्तीसगढ़ की किसी महिला का चयन भारतीय टीम में हुआ था। उन्होंने न केवल अपने महाविद्यालय बल्कि उच्च शिक्षा विभाग और पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। भारतीय महिला कबड्डी टीम की सफलता सहित उसके चयन पर डॉ. मदनमोहन जोशी प्राचार्य, राजकुमारी मरकाम क्रीड़ा अधिकारी, डॉ. पूनम ओझा, डॉ. शिवदयाल पटेल कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, तिलक राम आदित्य, नूतन पाल कुर्रे, डॉ. प्रिंस कुमार मिश्रा, डॉ. धरमदास टंडन, प्रेमनारायण वर्मा, यशवंत जायसवाल, शैलेन्द्र ओट्टी, भुनेश्वर कुमार, धर्मेंद्र, प्रतिमा कंवर, राकेश आजाद, गंगाराम पटेल, संजय लहरे, कुमकुम सिंह, नम्रता पटेल, मानसी साहू, दरक्शाखान, खुशनुमा परवीन, दीपक रजक, डॉ. कल्पना शांडिल्य, कीर्ति मरकाम, क्रान्तिकुमार दीवान, चंचल वैष्णव, मनहरण श्याम, बालाराम साहू, सविता, कंचन देवी, विकास कुमार, देवेंद्र, महिपाल आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## कटघोरा जनपद पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने संभाला पदभार

### सरकार के आशीर्वाद से नगर विकास का लिया संकल्प

**कोरबा।** कोरबा जिलान्तर्गत जनपद पंचायत कटघोरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष झुलबाई गोविंद सिंह कंवर, उपाध्यक्ष ममता दामोदर राठौर सहित 15 जनपद सदस्यों ने जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों ने नगर के समग्र विकास का संकल्प लिया और जनसुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया।

कार्यभार ग्रहण समारोह जनपद पंचायत कटघोरा के सभागार में आयोजित हुआ। जहां मुख्य कार्यपालन अधिकारी यशपाल सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कराया और उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष पवन गर्ग, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद अध्यक्ष झुलबाई गोविंद सिंह कंवर ने कहा, अब हम सभी जनप्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी है कि नगर के विकास कार्यों को धरातल पर उतारें। नगरवासियों के सुझाव और मार्गदर्शन हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण होंगे। हमें विश्वास है कि सभी जनप्रतिनिधि अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनका प्रमुख उद्देश्य कटघोरा को एक विकसित और आदर्श नगर के रूप में स्थापित करना है। इसके लिए अधोसंरचना निर्माण, जनसुविधाओं का विस्तार और विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर मंच पर गोविंद सिंह कंवर, जिला मंत्री संजय शर्मा, मंडल महामंत्री राजेंद्र टंडन, मंडल कोषाध्यक्ष अजय धनोंदिया, पूर्व पार्षद देवेंद्र देवांगन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।कार्यक्रम में जनपद पंचायत के अधिकारी और कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खगेश कुमार निर्मलकर ने किया।

## विधायक के प्रयास से पांच सड़क निर्माण कार्यों को बजट में मिली स्वीकृति

**जांजगीर चांपा।** विधायक शेषराज हरवंश के प्रयासों स्थानीय से विस क्षेत्र में पांच प्रमुख सड़क निर्माण कार्यों को बजट में स्वीकृति मिली है। राज्य सरकार ने बजट में शामिल किया है। आने वाले दिनों में



निर्माण कार्य होने से सुलभ आवागमन का लाभ लोगों को मिलेगा। बजट में जिन कार्यों को मंजूरी मिली है, इनमें पामगढ़, भिलौनी, ससहा, सोनसरी, जोंधरा लाहौद मार्ग लंबाई 31 किमी, जांजगीर-केरा मार्ग का मजबूतीकरण कार्य लंबाई 18 किमी, जांजगीर-पामगढ़ मार्ग लंबाई 23.60 किमी, कोसला-भदरा मार्ग का मजबूतीकरण कार्य लंबाई 3.50 किमी और चण्डीपारा-हेडसपुर-सिल्ली मार्ग का मजबूतीकरण कार्य लंबाई 6.50 किमी शामिल हैं। इसी तरह प्रदेश कार्यसमिति युवा मोर्चा लौंगलता सिंह एवं शिवेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा किए प्रयासों से एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सहयोग से पामगढ़ से तनौद व्हाया रसौटा, देवरघटा नवीन मार्ग को बजट में स्वीकृति दी गई है। इस सड़क का निर्माण होने से सुलभ आवागमन का लाभ लोगों को मिलेगा।

## मौली दाई मंदिर में दो लाख की चोरी करने वाला आरोपित हुआ गिरफ्तार



**जांजगीर चांपा ।** ग्राम नवापारा (सुकली) के मौली दाई मंदिर में सेंधमारी कर मूर्ति में पहने हुए सोने चांदी के जेवर के आभूषण सहित दो लाख रूपये की चोरी हुई थी। जांजगीर पुलिस ने आरोपी गौरी शंकर कश्यप को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है। आरोपी के पास से चोरी के सामान को भी बरामद किया है।

थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि गोपाल प्रसाद कश्यप ने एफआईआर दर्ज कराई की सात मार्च की शाम करीबन 7ः30 बजे से रात आठ बजे के बीच मौली दाई मंदिर में पूजा अर्चना कर मंदिर में ताला लगा कर घर चला गया था। वही शनिवार की सुबह 5ः30 बजे महराज बबूल जब मंदिर पूजा करने पहुंचे तो मौली दाई को श्रृंगार में पहनाए आभूषण और अन्य सामानों को किसी अज्ञात चोर से मंदिर के दीवार को सेंध मारकर चोरी कर ले गया था। जिसकी कीमत लगभग एक लाख 91 हजार रुपये है। मंदिर में चोरी की घटना के बाद अलग अलग टीम गठित कर आरोपित की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पचेड़ा का रहने वाला गौरीशंकर कश्यप 33 वर्ष पर संदेह होने पर उसे हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की जिस पर उसने चोरी की बात स्वीकार की। वही चोरी के सामनों को भी उसके घर से बरामद किया गया है।

पुलिस ने आरोपी गौरी शंकर कश्यप को बीएनएस की धारा 331(4),305 (a) के तहत गिरफ्तार किया है।

## जयप्रकाश गुप्ता बने चांपा थाने के नए थाना प्रभारी

**चांपा।** स्थानीय थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में जयप्रकाश गुप्ता ने पदभार ग्रहण किया। उनके कार्यभार संभालने के साथ ही क्षेत्र में



कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की उम्मीद की जा रही है। इससे पहले वे बिलासपुर के विभिन्न थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जहां उन्होंने अपने कर्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

जयप्रकाश गुप्ता को अनुशासनप्रिय और दक्ष अधिकारी के रूप में जाना जाता है। बिलासपुर में अपनी सेवा अवधि के दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण मामलों को सुलझाया गया, जिससे जनता के बीच पुलिस प्रशासन की छवि मजबूत हुई। अब चांपा में उनकी नियुक्ति से आम नागरिकों को भी न्याय और सुरक्षा की उम्मीद बढ़ी है।

पदभार ग्रहण करने के बाद थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना और अपराध पर अंकुश लगाना रहेगा। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने भी जयप्रकाश गुप्ता का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में चांपा क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल और बेहतर होगा। वहीं, आमजन भी नए थाना प्रभारी से अपराध मुक्त वातावरण की उम्मीद कर रहे हैं।

## आरटीई का पोर्टल 6 दिनों से बंद, आवेदन करने भटक रहे लोग

**जांजगीर चांपा ।** आरटीई के तहत 1 मार्च से छात्र पंजीयन के लिए पोर्टल खोला गया था लेकिन एक दिन बाद ही पोर्टल को बंद कर दिया गया जो अब शुरू नहीं हो सका है। इधर छात्र पंजीयन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने अभिभावक कम्प्यूटर सेंटरों के बार बार चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन कहीं संतोषजनक जवाब भी नहीं मिल पा रहा है। पोर्टल ओपन करने में इतना ही लिखा आ रहा है कि आरटीई पोर्टल में आवश्यक सुधार किया जा रहा है। सुधार के बाद ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल पुनः खोल दिया जाएगा। पोर्टल शुरू होने की तारीख की सूचना अलग से दी जाएगी। इससे अभिभावक परेशान हो रहे हैं। गौरतलब है कि प्राइवेट स्कूलों में आरटीई के तहत गरीब बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए हर साल आरटीई पोर्टल के माध्यम से छात्र पंजीयन के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए जाते हैं। हर साल इसकी प्रक्रिया 1 मार्च से शुरू हो जाती है। इस बार भी 1 मार्च से ही छात्र पंजीयन के लिए पोर्टल खोलने की सूचना जारी हुई थी और 1 मार्च को पोर्टल शुरू भी हो गया था। लेकिन अगले ही दिन 2 मार्च को पोर्टल बंद हो गया।

**निजी स्कूलों की लापरवाही का नतीजा**

जिले में इस बार आरटीई के तहत रिजर्व सीटों की जानकारी पोर्टल में अपलोड करने में निजी स्कूलों के द्वारा लापरवाही बरती गई है। करीब 20 से अधिक निजी स्कूल संचालकों ने तय तारीख तक अपने संस्थानों में कितने सीटों पर आरटीई के तहत बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा, इसकी जानकारी नहीं डाली। जिसका नतीजा यह हुआ कि 1 मार्च को जब पोर्टल खुला तो उन स्कूलों के नाम पोर्टल में नहीं दिखे रहे थे। ऐसे में छात्र पंजीयन के लिए अभिभावक चाहकर भी उन स्कूलों में आवेदन नहीं कर पाते। बताया जा रहा है कि इसी तरह की लापरवाही अन्य जिलों में भी हुई है। ऐसे में सैकड़ों छात्र मुफ्त शिक्षा योजना से वंचित होने जाते। ऐसे में पोर्टल को बंद कर दियाँ गया है। जिले में अब तक करीब 380 निजी स्कूलों ने ही आरटीई के तहत रजिस्ट्रेशन कराया है। जिससे जिले में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए कुल 3668 सीटें ही आरक्षित हुई है।

# बाराद्वार में नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ

**बाराद्वार।** नगर पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को धर्माचार्यों के सानिध्य एवं क्षेत्रीय सांसद कमलेश जांगड़े तथा वरिष्ठ पार्टी नेताओं की उपस्थिति में नगर पंचायत परिसर बाराद्वार में संपन्न हुआ। सक्ती एसडीएम सोम ने अध्यक्ष नारायण कुर्रे एवं सभी पार्षदों को सामूहिक शपथ दिलाई। वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधर गुप्ता, कृष्णकांत चंद्रा, गोपी सिंह की उपस्थिति में शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर सांसद जांगड़े ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदगण संकल्प पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा कर बाराद्वार को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं समृद्ध नगर बनाने की दिशा में दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करेंगे।

शपथ ग्रहण के पश्चात अध्यक्ष नारायण कुर्रे, जगेश राय, दिनेश शर्मा, अरविंद तिवारी, अरुण शर्मा, अमित कलानोरिया ने धर्माचार्य बांके बिहारी गोस्वामी, राम मंदिर के महंत जगन्नाथ दास, नगर पुरोहित पं. अशोक शर्मा से आशीर्वाद लिया एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में कृष्णकांत चंद्रा, राजा धर्मेंद्र सिंह, गोपी सिंह, रमेश सिंघानिया, संतोष राठौर, ओम प्रकाश अग्रवाल, मोहन लाल तोदी, गोपाल जोशी, जिपं सदस्य आयुष शर्मा, देवी जायसवाल, ओमप्रकाश जिंदल, महाबीर राठौर, डॉ. धीरेन्द्र खूंटे, रामलाल शर्मा, कैलाश अग्रवाल, विजय चंद्रा, हरिराम शर्मा, ईश्वर बैष्णव, मनोज अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, राहुल शर्मा, अनिल यादव सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। सीएमओ पुनीतवर्मा ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

**इन्होंने ली शपथ**

समारोह में ज्योति राठौर, प्रीति अनिल यादव, अंजली साहू, अभिषेक राय, कमलेश्वरी राठौर, अमित बरेठ, जितेश शर्मा, पवन बंसल मोंटा, पुष्पा कर्ष, अजय सिंह राजपूत, ओमप्रकाश कुर्रे, भोजराम खूंटे, आरती घनश्याम, अंजू नारायण कुर्रे, कैलाश भैना ने पार्षद के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

**जनता से जुड़कर नगर को संवारने का काम करेंगे- कुर्रे**

पदभार संभालने के नपं अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे और मेरे साथियों को चुना है, उस पर हर संभव खरा उतरने का प्रयास करेंगे। शासन की योजना एवं विविध कार्यक्रम तथा स्थानीय संसाधनों के माध्यम से नगर को सजाने-संवारने का काम करेंगे। खासकर इंफ्रास्ट्रक्चर यानी आम नागरिक तक बिजली, सड़क, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा की बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने काम करेंगे।



## सलखन में निर्विरोध उप सरपंच चुनी गईं सरिता

**सलखन।** नवागढ़ जनपद पंचायत के सलखन गांव में उप सरपंच पद पर सरिता संतोष धीवर ने निर्विरोध चुनाव जीत लिया है। उनके जीत पर सरपंच रामकृष्ण कश्यप, पूर्व उप सरपंच सहित पंचों एवं ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल है। उपसरपंच पद के लिए सरिता धीवर को घोषणा कर दी गई। जिसे उप निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रमाण सौंपा। इस दौरान सरपंच श्रीरामकृष्ण कश्यप ने उनका सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच भरत कश्यप, पंच महेतरीन बाई, बंसीलाल कश्यप, जमुना बाई कश्यप, तुलसीराम कश्यप, आनंद कुमार कश्यप, संतोषी कश्यप, ओमकार प्रसाद कश्यप, रामचरित्र भारद्वाज, रमेश बाई भारद्वाज, सुलोचना कश्यप, केवरीबाई कश्यप, मनहरण धीवर, पूर्णिमा साहू, पूजा भारद्वाज, पेरमा सतनामी, रघुनंदन कश्यप, उषादेवी साहू, रामचंद्र कश्यप, कुमार प्रसाद कश्यप सहित रामअवतार कश्यप, पूर्व पंच भूपेंद्र, कृपाराम, फिरत, पूर्व सरपंच फिरतीन, पूर्व पंच रामखिलावन कश्यप, हरनारायण, राजकपूर कश्यप,लक्ष्मण कुर्रे व नागरिक उपस्थित थे।

## अधिकार दिलाने महिला दिवस की शुरुआत की गईः डॉ. दीक्षित

**अकलतरा।** ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रेया दीक्षित के मुख्य आतिथ्य, महाविद्यालय के संचालक डॉ. जेके जैन की अध्यक्षता और सचिव अंकित जैन के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रंगोली और पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में डॉ. श्रेया दीक्षित ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज में उन्हें समान अधिकार दिलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। हम सभी के जीवन में कोई ना कोई महिला खास होती है। एक महिला, मां, बहन, बेटी व पत्नी के रूप में जीवन में अहम भूमिका निभाती है। डॉ. जेके जैन ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं।



## अस्पताल में एक धड़ा अधिकारी के खिलाफ, दूसरे ने महिला कर्मियों का सम्मान किया

**जांजगीर।** जिला अस्पताल जांजगीर में शनिवार को डॉक्टरों सहित नर्सिंग स्टाफ ने विरोध-प्रदर्शन करते हुए महिला दिवस मनाया।

कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टरों ने फूल भेंटकर सम्मान किया और केक काटकर महिला दिवस पर बधाई की। इस दौरान उपस्थिति डॉक्टरों ने सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही अपनी मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन की चेतावनी दी। मेडिकल आफिसर डॉ. इकबाल हुसैन ने कहा कि महिला दिवस पर अस्पताल में कार्यरत महिला अधिकारी-कर्मचारियों को फूल भेंटकर और केक काटकर उनका सम्मान किया। साथ ही महिला सशक्तिकरण पर भी जोर किया गया। उन्होंने कहा कि सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने जिस तरह का व्यवहार मेडिकल स्टाफ से किया जा रहा है, उसकी पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए लगातार आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा क डॉ. सिविल सर्जन की शिकायत स्वास्थ्य मंत्री, कलेक्टर और सीएमएचओ से की गई। कलेक्टर के निर्देश पर जांच टीम का गठन भी किया गया। जांच की रिपोर्ट संभवतः सोमवार तक आने की उम्मीद है।

# देसी शराब पीने के बाद 2 ग्रामीणों की मौत, जांच शुरू

**जांजगीर चांपा।** नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भठली उदयभाठा में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात देसी शराब पीने के बाद 2 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों - में आक्रोश बढ़ गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार भठली गांव में गुरुवार शाम को सीता राम सतनामी 65 और रोहित तेंदुलकर 25 शराब पीने के बाद बेहोश हो गए थे। जानकारी के मुताबिक शराब पीने के बाद दोनों के मुंह से झाग निकल रहा था। सीता राम की मौके । पर ही मौत हो गई थी। वहीं रोहित को ने जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। नवागढ़ थाना प्रभारी र भास्कर शर्मा के मुताबिक शराब का सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। इसके बाद दोनों के मौत की पुष्टि हो पाएगी। मृतक रोहित तेंदुलकर पिता किशनचंद तेंदुलकर भठली निवासी 15 मिनट बाद बिगड़ी तबीयत मृतक रोहित तेंदुलकर के भाई ने बताया कि - रोहित मजदूरी करने के बाद शाम को - घर लौटा था। वह बाइक लेकर घूमने - निकला। 15 मिनट बाद उसकी तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव का ही एक व्यक्ति राम गोपाल दोनों को देसी शराब देकर चला गया। शराब पीने के बाद दोनों के मुंह से झाग निकलने लगा।

**दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

परिजनों ने मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही शराब में जहर की पुष्टि हो सकेगी। इससे पहले भी कि नवागढ़ थाना क्षेत्र के रोगदा और अमोदा गांव में दो साल पहले भी इसी तरह शराब पीने से एक सैनिक समेत तीन लोगों की मौतें हुई थी। वहीं बलौदा थाना क्षेत्र में दो लोगों की मौत हो गई थी। वहीं बीते दो साल की बात करें तो अब तक 9 लोगों की जहरीली शराब से मौत हो चुकी है। मृतक के परिजन व पुलिस अपने स्तर से पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं आखिर कहां से शराब लाई गई, लेकिन इस बात का पता नहीं चल पा रहा है। क्योंकि इस बात की जानकारी केवल मृतकों को ही थी। इस बात का भी पता नहीं चल पा रहा है कि आखिर गांव में कौन अवैध शराब की बिक्री करता है। फिलहाल पुलिस की टीम एफएसएल व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

## पामगढ़ और बलौदा जनपद में भी लहराया भाजपा का परचम

**जांजगीर चांपा।** जिले को पांचों जनपद पंचायत में भाजपा का विजय परचम लहराया है। तीसरे और अंतिम चरण में जिले के पामगढ़ व बलौदा ब्लाक में भाजपा समर्थित सदस्य अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बने है। खास बात यह है कि पामगढ़ में दोनों पदों पर भाजपा ने निर्विरोध कब्जा किया है तो बलौदा में अध्यक्ष के लिए कांटे की टक्कर में भाजपा प्रत्याशी ने अपनी जीत दर्ज की है। इसके अलावा उपाध्यक्ष यहां भी निर्विरोध बने है।

शुक्रवार 7 मार्च को जिले के पामगढ़ व बलौदा जनपद पंचायत में अध्यक्ष उपाध्यक्ष के चुनाव को कर सुबह से लेकर गहमागहमी का का लेकर माहौल रहा। निधारित समय पर पीठासीन अधिकारी द्वारा अध्यक्ष

उपाध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ कराई गई। इस दौरान जनपद पंचायत पामगढ़ में भाजपा समर्थित प्रत्याशी श्रीमती रंजना मानेश जांगड़े ने अध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा किया और उपाध्यक्ष के लिए भाजपा समर्थित रूपचंद साहू ने नामांकन जमा किया। इस दौरान विपक्षी पार्टियों की तरफ से कोई भी उम्मीदवार सामने नहीं आए। दोनों पदों के लिए एक एक आवेदन प्राप्त हुए। जो सवीक्षा में विधिमान्य पाए गए। इस दौरान अध्यक्ष के लिए रंजना जांगड़े और रूपचंद साहू को



उपाध्यक्ष का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इसी प्रकार जनपद पंचायत बलौदा में अध्यक्ष के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी शारदा सनत देवांगन और कांग्रेस की ओर से शारदा गौतम राठौर ने नामांकन फार्म जमा किया। जबकि उपाध्यक्ष के लिए भाजपा समर्थित शिशुपाल सिंह ठाकुर का एकमात्र आवेदन जमा हुआ। इस दौरान अध्यक्ष के लिए मतदान कराया गया। जिसमें शारदा देवांगन को 12 वोट मिले और शारदा राठौर को 11 मत मिले। इस दौरान शारदा देवांगन को विजयी घोषित करते हुए प्रमाण पत्र घोषित किया और शिशुपाल को निर्विरोध निर्वाचन करते हुए प्रमाण पत्र दिया गया। इधर पामगढ़ और बलौदा दोनों जनपद पंचायत में भाजपा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष बनने के बाद पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। संगठन के पदाधिकारियों के साथ नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान रंग गुलाल के साथ जमकर आतिशबाजी भी हुई।

## जिले में कई कार्यक्रम के साथ विश्व महिला दिवस पर हुआ आयोजन, पुरस्कार बांटे गए



**जांजगीर-चांपा।** जिले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे रन फॉर वुमन एम्पावरमेंट मैराथन में महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया।

हाई स्कूल मैदान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि महिलाओं को समान अवसर देने से समाज को नई दिशा मिलती है। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया।

**समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की उत्कृष्ट महिलाए हुई सम्मानित**

जिले के ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया। बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और झांकी के माध्यम से नारी शक्ति का प्रदर्शन किया।जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आनंद मिरी ने महिलाओं के बहुआयामी योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाएं घरेलू जिम्मेदारियों के साथ हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं।

## पेंशनर्स कल पार्षदों का सम्मान करेंगे

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ की बैठक 10 मार्च की दोपहर 3 बजे बीटीआई चौक के पास एसबीआई लाइफ कार्यालय होगी। इसमें नवनिर्वाचित पार्षदों व जनपद सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। संतोष राठौर ने बताया कि बैठक में पेंशनर साथियों को भाग लेने की अपील की गई है। प्रांताध्यक्ष आरके थवाईत, प्रांतीय सलाहकार आरएस क्षत्रिय विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। संघ के नए सदस्यों का बैच लगाकर स्वागत किया जाएगा। नगरीय निकाय-पंचायत चुनाव में पेंशनर साथियों या उनके परिवार के सदस्यों में से जनप्रतिनिधियों का स्वागत होगा। इनमें बी. साहू (पार्षद, वार्ड 12, चांपा), हारथी राठौर के पुत्र दिनेश राठौर (पार्षद, वार्ड 18, जांजगीर) और साथी चंद्रशेखर राठौर की पुत्रवधू शिखा राकेश राठौर (जनपद सदस्य, बम्हनीडीह ब्लॉक) शामिल हैं।

# सिविल सर्जन को हटाने जिला अस्पताल का पूरा स्टॉफ कर रहा चरणबद्ध आंदोलन

**जांजगीर-चांपा।** सिविल सर्जन की मनमानी व मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर हटाने की मांग को लेकर जिला अस्पताल स्टॉफ अब चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। पहले दिन हटाने की मांग पर जांच टीम बनाई गई। इसके बाद जांच के दौरान भी उसे हटाकर किसी अन्य को प्रभार देने की मांग कर रहे हैं।

जिला अस्पताल जांजगीर और बीडीएम चांपा के डॉक्टरों, स्टाफ नर्सों और कर्मचारियों ने सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल के मनमानी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रभारी सिविल सर्जन के आने के बाद से ही कर्मचारी मानसिक और शारीरिक रूप परेशान होने का आरोप लगाते हुए आंदोलन कर रहे हैं। दो दिन पहले स्टाफ नर्स को नेतागिरी करते हो कहते अनावश्य प्रेशर डाला गया। साथ ही हंगामा भी हुआ। इसकी जानकारी बाकी अन्य स्टाफ को हुआ तो सभी एकजुट हो गए। क्योंकि अधिकांश

कर्मचारी सीएस के मनमानी से परेशान है। इसके बाद पूरा जिला अस्पताल स्टाफ पैदल ज्ञापन देने कलेक्टोरेट पहुंचे। जहां कलेक्टर को अपनी परेशानी बताते हुए सिविल सर्जन को हटाने की मांग की गई। इसके बाद कलेक्टर ने तत्काल अपर कलेक्टर के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर दी गई। अस्पताल स्टॉफ की माने तो जांच के दौरान कई स्टॉफ पर दबाव बनाया जा रहा है कि आप खिलाफ में कभी रहे इसके आद अथॉर अशित पूरा जिला अस्पताल स्टॉफ सिविल सर्जन को जांच के दौरान हटाकर उसके स्थान पर दूसरे डॉक्टर को प्रभार देने की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिए हैं। पहले दिन दिन ओपीडी देखने के बाद सभी डॉक्टर, स्टॉफ नर्स सहित स्टॉफ जिला अस्पताल के सामने बैठकर विरोध प्रदर्शन किए। साथ ही सिविल सर्जन हटाने जिला अस्पताल बचाओ के नारे लगाते रहे। इसके बाद सांसद कमलेश जांगड़े व अपर कलेक्टर उज्वल पोरवाल को जांच के दौरान सिविल सर्जन दीपक जायसवाल के जगह दूसरे को प्रभार देने की मांग की गई।

**अस्पताल प्रबंधन पर पैसा मांगने का आरोप**

राहुल गढ़वाल ने बताया कि सिविल सर्जन कार्यालय में 22 नवंबर 2024 को कार्य करने नियुक्ति आदेश दिया गया। इसके बाद कई बार आवक जावक में आवेदन जमा करने गया। जिसे जिला अस्पताल सलाहकार अंकित ताम्रकार द्वारा फाड़ दिया गया। कार्य में उपस्थित नहीं होने के साथ मानसिक प्रताडित करते हम 50 हजार रुपए की मांग की जाती है। साथ ही गाली-गलौच किया जाता है। साथ ही सिविल सर्जन के पास जाने पर भी धमकी दिया जाता है। विक्रम ओजस्वी 102 में ईएमटी में केजवल्टी के पद पर पदस्थ था। घर में दुखद घटना होने से से वह अवकाश में था।

अवकाश से वापस लौटने के बाद अस्पताल प्रबंधक अंकित ताम्रकर द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए 50 हजार रुपए की मांग करने लगा। गरीब व्यक्ति हूं, नहीं दे सकता, बोलने पर अस्पताल नहीं आने की बात कह रहा है। संबंधित पर कार्रवाई की की मांग का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया है।

## 2 साल में बननी थी सड़क, 3 साल बाद भी अधूरी

**जांजगीर।** एनएचएआई की उरगा-चांपा फोरलेन सड़क का निर्माण दो साल में पूरा होना था, लेकिन तीन साल बाद भी काम अधूरा है। अभी भी पांच प्रतिशत हिस्सा नहीं बन पाया है। 38.200 किलोमीटर लंबी सड़क की लागत 630 करोड़ रुपए है। उरगा पेट्रोल पंप के पास 200 मीटर सड़क का काम ही शुरू नहीं हुआ है। मड़वारानी, बरपाली, सरगबुंदिया के नजदीक अंडरपास और सर्विस रोड नहीं बन पाई है। इस वजह से लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। इस सड़क के निर्माण की अवधि दिसंबर 2023 थी। इसके बाद लगातार एक्सटेंशन दिया जा रहा है। सर्विस रोड कच्ची होने से धूल भी उड़ती है।

## कोटमीसोनारः उपसरपंच बने बालूराम

**अकलतरा।** ग्राम पंचायत कोटमीसोनार में उपसरपंच का निर्वाचन सरपंच रेखा सोनी व 20 पंचों के उपस्थिति में पीठासीन अधिकारी अमृत लाल सिहानी ने शपथ ग्रहण करवाया।

वार्ड नंबर 10 के पंच बालूराम मनहर द्वारा उपसरपंच पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की गई, सभी पंचों द्वारा समर्थन प्रदान किया गया, अन्य कोई भी अभ्यर्थी द्वारा दावा पेश नहीं करने पर पीठासीन अधिकारी द्वारा बालूराम मनहर को निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित होने की घोषणा की गई।

## मुलमुलाः उपसरपंच बनीं नंदकुमारी

**जांजगीर।** ग्राम पंचायत मुलमुला में उपसरपंच निर्वाचन का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम के वार्ड पंचों के सर्वसहमति से नंद कुमारी कश्यप को निर्विरोध उपसरपंच बनाया गया। निर्वाचन के लिए नियुक्त पीठासीन ने परिणाम की घोषणा की और प्रमाण पत्र वितरण किया। इस अवसर पर सरपंच अमितेन्द्र सिंह पंचगण सुकवारा बाई गोंड़, इंदु बाई सिन्हा, कोमलेश्वर साहू, उषा गंगाराम , अमर दास खांडे, शिवचरण यादव, श्रद्धा कुमारी कश्यप, रामकुमार यादव, रामदुलारी साहू, श्यामलाल कश्यप, बिंदु भानु, विश्वजीत नागेश, सुनीता कश्यप, भक्तू राम साहू, राजकुमारी सिंह, रागिनी सिंह, परमेश्वर सान्डिल्य, प्रियंका महिलाएंगे, अशोक कुमार उपस्थित थे।

## अवराई खुर्द में संतोषी निर्विरोध उपसरपंच बनीं

**बलौदा।** अवराई खुद पंचायत में उपसरपंच चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। 11 बजे सभी सदस्य सरपंच के साथ पंचायत भवन पहुंचे। पीठासीन अधिकारी विरेन्द्र सिंह राठौर, पंचायत सचिव जितेन्द्र सिंह कश्यप, रोजगार सहायक महेन्द्र कुमार और कोटवार दीपक दास उपस्थित थे।

## अनमोल वचन......

आध्यात्मिक जीवन की प्राप्ति के लिए श्रेष्ठतम-निकटतम उपाय है।

## रेरा मकान खरीदारों को राहत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने स्वागतयोग्य हस्तक्षेप किया है। न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के फिरौती वसूली' जा रही है। पूर्व यूपीए सरकार के समय जब रियल एस्टेट विनियमन प्राधिकरण (रेरा) कानून पारित हुआ, तो उससे मकान खरीदारों में ऊंची उम्मीदें जगी थीं। कहा गया था कि अब आखिरकार ज्यादातर मध्य वर्ग के खरीदारों को बिल्डरों की तिकड़मों से मुक्ति मिलेगी। मगर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जो जाहिर हुआ और उस पर न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लाचार मकान खरीदारों' से फिरौती वसूली जा रही है। कोर्ट ने जो सवाल पूछे हैं, उनमें एक यह भी है कि खरीदारों को रेरा से क्या राहत मिली है। हालांकि कोर्ट में सुनवाई एनसीआर से जुड़े मामलों की हो रही थी, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो हाल यहां है, बाकी जगहों के खरीदारों की स्थिति उससे बेहतर नहीं होगी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का संदर्भ बड़ा है। कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि वह बिल्डर- बैंक मिलीभगत की पूरी जांच करे। जजों ने इसके लिए विशेष जांच दल बनाने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि बिल्डरों और खरीदारों को कर्ज देने वाले बैंकों ने मिल कर खरीदारों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। इनकी वजह से आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने में देर हुई है।कोर्ट ने खास चिंता उन मामलों पर जताई, जिनमें रियल एस्टेट कंपनियों ने दिवालिया प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामला हजारों मकान खरीदारों की याचिका से कोर्ट के सामने आया है। इसमें ध्यान दिलाया गया है कि बैंक ऋण की रकम का भुगतान सीधे बिल्डरों को करते हैं। तब बताया जाता है कि फ्लैट सौंपे जाने तक ईएमआई बिल्डर चुकाएंगे। मगर बिल्डर ईएमआई पर डिफॉल्ट करने लगते हैं और तब त्रिपक्षीय करार के मुताबिक बैंक खरीदारों से ईएमआई वसूलने लगते हैं। खरीदारों की पीड़ा पर दो जजों की बेंच ने गहरी नाराजगी जताई। कहा कि वे इस घपले की सीबीआई जांच का आदेश देंगे। यह स्वागतयोग्य हस्तक्षेप है। मगर इस मामले ने भारत में विनियमन और अनुचित व्यापार व्यवहार की निगरानी की हकीकत को बेनकाब कर दिया है।

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही समस्याएं आज समाप्त हो जाएंगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी।

वृष राशिः आज ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी तरह के विवाद में पड़ने से आपको बचना चाहिए। आज आप किसी तरह के विचारों में खोये रहेंगे, बेहतर होगा बेवजह ना सोचे। आय के स्रोतों में स्थिरता बनी रहेगी। आज आप अपने घर के बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

मिथुन राशिः आज खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। जंक-फूड खाने से आपको बचना चाहिए।

कर्क राशिः आज नए कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको धन लाभ के बड़े अवसर मिलेंगे। किस्मत के सहयोग से आपका खास काम पूरा होगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है।

सिंह राशिः आज आपकी कंपनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है। आज आप अपने रिश्तों कोमजबूत बनाने की कोशिश करेंगे। मित्रों के साथ बैठकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए बातचीत करेंगे।

कन्या राशिः आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी, जिससे आपकी खुशियाँ बढ़ेंगी। आज ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलेगा, जिसे पूरा करने पर आपको फायदा होगा।

तुला राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी बातों से लोग काफी इम्प्रेस होंगे। बिजनेस में आपको बड़ा फायदा होने के संकेत हैं।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला साबित होगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आपका संपर्क होगा। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है। आज बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक रूप से आप काफी सक्षम रहेंगे। दूसरों की समस्याएं सुलझाने में आपका मुख्य भूमिका रहेगी।

धनु राशिः आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए। आपके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों के लिए आज आपको सम्मानित किया जाएगा। आज आप किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में विचार करेंगे।

मकर राशिः आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपनी दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी। व्यापार में आपको अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। ऑफिस के कुछ सहकर्मी आपके काम में सपोर्ट करेंगे।

कुंभ राशिः आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे । किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। आज कुछ खास लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा।

मीन राशिः आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी, जिससे आप काफी प्रसन्न होंगे। ऑफिस में काम कर रहे किसी सहयोगी से आपकी अच्छी जान पहचान होगी। आज बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

# राजनीतिज्ञों की साफगोई से फ्रीबी कल्चर पर नई राजनीतिक बहस

रंजन श्रीवास्तव

**दो मंत्रियों के बयानों ने कम से कम मध्य प्रदेश में फ्रीबी कल्चर पर एक नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लगभग एक हफ्ते पूर्व भोपाल में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर बोलते हुए कहा कि बार बार चुनाव के कारण कई बार वोट दिलाऊ फैसले लेने पड़ते हैं कि यह भी दे दो, वह भी दे दो। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बार बार चुनाव होने से वोटों के डर से कई बार ऐसे फैसले भी प्रभावित होते हैं जो बच्चों का भविष्य बना सकते हैं और प्रदेश और देश का विकास कर सकते हैं।**

जाहिर है केंद्रीय मंत्री का इशारा फ्रीबी कल्चर की तरफ था। इसी तरह अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाने वाले मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के द्वारा दिए गए एक बयान ने भी समाज में फ्रीबी कल्चर पर सवाल उठाया है। प्रह्लाद सिंह पटेल कुछ दिनों पूर्व राजगढ़ में रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण के बाद एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब भी नेता आते हैं उन्हें याचिकाओं की एक टोकरी सौंपी जाती है। उन्होंने कहा कि मांगने की आदत के बजाय लोगों में देने की मनोवृति विकसित करनी चाहिए। मुफ्त उपहारों पर अधिक निर्भरता समाज को मजबूत बनाने की बजाय कमजोर बनाती है। लोगों को भीख मांगने की आदत पड़ गयी है। उल्लेखनीय है कि जुलाई 2022 में उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के वक़्त प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रीबी कल्चर पर जोरदार हमला किया और कहा कि रेवड़ी कल्चर के लोग यह सोचते हैं कि जनता को फ्री की रेवड़ी देकर वो उन्हें खरीद सकते है। उन्होंने जनता का आवाहन करते हुए कहा कि सबको मिलकर इस रेवड़ी कल्चर के मानसिकता को पराजित करना है और देश की राजनीति से इस कल्चर को हटाना है। 2023 में कर्नाटक विधान सभा चुनाव के वक़्त भी प्रधान मंत्री ने रेवड़ी कल्चर पर हमला किया क्योंकि तब उस समय विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने लोगों को 5 गारंटी देने की बात कही जिसमें से एक गारंटी 21 से 65 वर्ष के महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रूपये देने का था। रोचक यह है कि इसके पहले कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस चुनावों से पहले कर्नाटक के तर्ज पर 5 गारंटी लांच करती तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना लागू करके 21 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को 1250 रूपये प्रतिमाह से शुरुआत करते हुए 3000 रूपये प्रतिमाह की घोषणा कर दी। भाजपा को पहले से ज्यादा सीटें चुनाव में मिलीं। दिल्ली विधान सभा चुनाव के समय आम आदमी पार्टी को पराजित करने के लिए भाजपा ने 2500 रुपए प्रतिमाह महिलाओं को देने का वादा किया जो कि आम आदमी पार्टी की घोषित धनराशि से 400 रूपये प्रतिमाह ज्यादा है। भाजपा की केंद्र सरकार स्वयं किसानो को प्रधान मंत्री सम्मान निधि के नाम पर 2000 रूपये प्रति तीन माह पर देती है। जब देश के प्रधान मंत्री स्वयं और देश की जनता का एक वर्ग खासकर माध्यम वर्ग चाहता है कि फ्रीबी कल्चर पर रोक लगाई जाय केंद्रीय मंत्री चौहान और मध्य प्रदेश के मंत्री पटेल के बयान एक स्वस्थ बहस की जरूरत की तरफ इशारा कर रहे हैं कि क्या फ्रीबी कल्चर देश के लिए अच्छा है या बुरा। देश के एक वर्ग का मानना है कि फ्रीबी कल्चर से देश की श्रम शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और राजनीतिक दल समाज की आर्थिक स्थिति को ठीक करने के लिए ठोस उपाय अपनाने की जगह फ्रीबी कल्चर को एक शॉर्टकट की तरह प्रयोग में ला रहे हैं। अगर स्वयं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान फ्रीबी कल्चर पर खुल कर बोल रहे हैं तो क्या ये अच्छा नहीं होगा कि भाजपा जिसकी सरकार केंद्र में भी है और कई राज्यों में भी इस कल्चर को ख़त्म करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाए और इसका समाधान निकालने की कोशिश करे। प्रह्लाद सिंह पटेल का कहना है कि उन्होंने जो बयान दिया वह एक सामाजिक कार्यक्रम था और समाज के लोगों को स्वावलम्बी बनाने के लिए उनके आह्वान को विपक्ष और मीडिया ने गलत सन्दर्भों में दिखाया है। पटेल लोध समुदाय से आते हैं और समारोह भी रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण से सम्बंधित था। जाहिर है कि इस समारोह में लोध समुदाय से भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। विपक्ष पटेल पर हमलावर है और उसका कहना है कि पटेल ने जनता को भिखारी बोलकर उनका अपमान किया है। पटेल ने अपना स्पष्टीकरण दे दिया है पर फिर भी उनके बयान से जो कि चौहान के बयान के तुरंत बाद आया है, उस राजनीतिक बहस की आवश्यकता को बताता है कि फ्रीबी कल्चर देश के लिए कितना उचित है और कितना अनुचित।

# आम हिंदुओं के निशाने पर समूचा विपक्ष

//हरिशंकर व्यास//

**कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों ने सिर्फ महाकुंभ का नैरेटिव मिस नहीं किया, बल्कि यहां भी ऐतिहासिक गलती कर बैठे, जिससे समूचा विपक्ष आम हिंदुओं के निशाने पर आया। विपक्ष के चुनिंदा नेताओं को छोड़ दें तो ज्यादातर नेता महाकुंभ से गैरहाजिर रहे। किसी ने उस विशाल आयोजन का हिस्सा बनने की कोशिश नहीं की और न सामान्य हिंदू की तरह महाकुंभ में जाकर त्रिवेणी के संगम पर डुबकी लगाने का जतन किया। इतना ही जिस दिन से महाकुंभ शुरू हुआ उस दिन से कांग्रेस का इकोसिस्टम प्रचार करता रहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा स्नान करने आएंगे।**

पार्टी की ओर से कई बार ढके छिपे तरीके से कार्यक्रम भी बताया गया। एक बार तो प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एक कार्यक्रम में एक तारीख बताते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बारे में कहा कि हम सब प्रयागराज आ रहे हैं। लेकिन राहुल और प्रियंका स्नान करने नहीं गए। इसके बाद कांग्रेस के नेता बताते रहे कि प्रियंका ने कब संगम में डुबकी लगाई थी और सोनिया गांधी कब पवित्र स्नान के लिए पहुंची थीं। कुछ अति उत्साही कांग्रेस समर्थक सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स ने पंडित नेहरू की भी महाकुंभ में स्नान करते हुए तस्वीरें साझा कीं। लेकिन महाकुंभ इतिहास तो है यह तो जितना इतिहास है उतना ही समकालीन भी है। कांग्रेस हो सकता है कि इतिहास में इसका हिस्सा रही लेकिन समकालीन घटनाक्रम का भी तो हिस्सा बनना होगा।

अगर कांग्रेस नेताओं को महाकुंभ नहीं जाना था तो जाने की झूठी खबरों का प्रचार भी नहीं कराना चाहिए था। अगर प्रचार कराया तो वहां चले जाना चाहिए था, उससे देश भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुंह नहीं छिपाना पड़ता। गांवों में उनसे जवाब देते नहीं बन रहा है। वे किसी तरह पुरानी बातों से बचाव कर रहे हैं। सोशल मीडिया में कुछ समझदार लोग कह रहे हैं कि 12 साल पहले 2013 के महाकुंभ में नरेंद्र मोदी या योगी आदित्यनाथ या अमित शाह में से कोई भी डुबकी लगाने नहीं गया था। लेकिन क्या तब सोनिया, राहुल और प्रियंका गए थे? अगर गए थे तो बताना चाहिए ताकि लोगों को पता चले कि जो सत्ता में होता है वही कुंभ जाता है! ऊपर से कोढ़ में खाज की तरह कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के नेता महाकुंभ को लेकर अनाप शनाप बयान देते रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने सवाल उठा दिया कि महाकुंभ जाने से क्या देश की गरीबी खत्म हो जाएगी। किसी भी धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन से देश की गरीबी नहीं खत्म होने वाली है। इंदिरा गांधी ने 1971 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था और उसके बाद 30 साल कांग्रेस शासन में रही तो कहां गरीबी मिट गई। लाखों लोग उर्स करने जाते हैं या हज करने जाते हैं तो उससे भी न गरीबी मिटती है और न जहालत खत्म होती है। लेकिन जब उस पर इस तरह के सवाल नहीं उठाए जाते हैं तो महाकुंभ पर भी ऐसे सवाल उठाने की कोई तुक नहीं है। महाकुंभ में 66 करोड़ लोग पहुंचे, यह उनके लिए गरीबी मिटाने या अशिक्षा दूर करने का विषय नहीं था। यह उनकी आस्था का विषय था, जिसका कांग्रेस को सम्मान करना चाहिए। कम से कम सार्वजनिक रूप से तो सम्मान करे! खडग़े और राहुल गांधी मन में चाहे जो भाव रखते हों लेकिन राजनीति कर रहे हैं पार्टी चल रहे हैं तो सार्वजनिक बयानों में सावधान रहने की जरुरत होती है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद ने कह दिया कि कुंभ फालतू है।

उनको महाकुंभ की व्यवस्था पर सवाल उठाना था लेकिन वे महाकुंभ को ही फालतू की बात बता रहे थे। यह समझे बगैर कि उत्तर प्रदेश के अलावा सबसे ज्यादा लोग बिहार से ही महाकुंभ जा रहे थे। उनकी जाति के कट्टर समर्थक भी कुंभ जा रहे थे। उसकी आस्था को इस तरह से चैलेंज करना कोई अच्छी राजनीति नहीं है। सोशल मीडिया के इस दौर में ऐसी बातों का तुरंत प्रसार होता है। यही ममता बनर्जी ने भी किया। उन्होंने भी महाकुंभ को लेकर विवादित बयान दिया। ममता ने महाकुंभ को मृत्युकुंभ' कहा। उन्होंने इसके 144 वाले संयोग पर सवाल उठाया वह अलग बात है लेकिन महाकुंभ को मृत्युकुंभ' कह कर उन्होंने ऐसा विवाद खड़ा किया, जिस पर समूचे विपक्ष को सफाई देनी पड़ी। सोचें, खुद ममता बनर्जी अपने यहां कुंभ की ही तरह का बड़ा गंगासागर मेला आयोजित करती हैं। अखबारों में उसके बड़े बड़े विज्ञापन देती हैं। लोगों को हर साल गंगासागर मेले में आने के लिए आमंत्रित करती हैं लेकिन 12 साल पर एक बार होने वाले पूर्णकुंभ के लिए ऐसे बयान देती हैं, जिससे दुर्भावना झलकती है। हो सकता है कि प्रदेश की राजनीति में उनको इसका कोई बड़ा नुकसान हो लेकिन वे जिस विपक्षी गठबंधन का हिस्सा हैं उसको तो नुकसान होगा।

# पूरी दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट कैंसर

//नृपेन्द्र अभिषेक नृप//

कैंसर आज भारत सहित पूरी दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा किए गए हालिया विश्लेषण में यह खुलासा हुआ है कि भारत में कैंसर से होने वाली मौतों की दर चिंताजनक रूप से बढ़ रही है, विशेष रूप से महिलाओं में यह दर पुरुषों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है।

ग्लोबोकैन 2022 के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं में कैंसर से मृत्यु दर में 1.2 फीसद से 4.4 फीसद तक वार्षिक वृद्धि हुई है, जबकि पुरु षों में यह वृद्धि 1.2 फीसद से 2.4 फीसद तक रही है।

ये आंकड़े न केवल एक स्वास्थ्य आपातकाल की ओर संकेत कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक और चिकित्सा व्यवस्था की कमियों को भी उजागर करते हैं। महिलाओं में कैंसर से बढ़ती मृत्यु दर एक जटिल समस्या है, जो केवल जैविक या चिकित्सीय कारणों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक, आर्थिक, जागरूकता और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की भी बड़ी भूमिका है। भारत में हर पांच में से तीन लोग कैंसर के निदान के बाद अपनी जान गंवा देते हैं। यह आंकड़ा इस बात की पुष्टि करता है कि कैंसर न केवल एक गंभीर रोग है, बल्कि भारत में इसका उपचार भी उतना प्रभावी नहीं हो पा रहा है। खासकर महिलाओं में यह स्थिति अधिक गंभीर होती जा रही है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाएं अक्सर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देतीं। परिवार की जिम्मेदारियां, सामाजिक दबाव, और आर्थिक निर्भरता उन्हें समय पर जांच और इलाज कराने से रोकते हैं। कई बार कैंसर के शुरु आती लक्षणों को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे बीमारी तब पकड़ी जाती है जब यह अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी होती है। महिलाओं में कैंसर की बढ़ती दर के पीछे कई महत्त्वपूर्ण कारण हैं। सबसे पहले, जागरूकता की भारी कमी एक प्रमुख कारण है। स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जो भारत में महिलाओं में सबसे आम हैं, यदि प्रारंभिक अवस्था में पकड़ लिए जाएं, तो इनका इलाज संभव है, लेकिन दुर्भाग्यवश महिलाओं में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आदत नहीं होती। आधुनिक जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियों की कमी, असंतुलित आहार, धूम्रपान, शराब का सेवन, और अत्यधिक तनाव महिलाओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं।पहले के समय में महिलाएं अधिक शारीरिक श्रम करती थीं और उनका खान-पान भी पारंपरिक और पोषक तत्वों से भरपूर होता था, लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में यह सब धीरे-धीरे गायब होता जा रहा है। पैक्ड और प्रोसेस्ड फूड का बढ़ता सेवन, व्यायाम की कमी, और मानसिक तनाव ने महिलाओं में कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा दिया है। एक और महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि महिलाओं में कैंसर के कई मामले अनुवांशिक और हार्मोनल असंतुलन से भी जुड़े होते हैं। स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर और अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर मुख्य रूप से हार्मोनल परिवर्तन और अनुवांशिक प्रवृत्तियों के कारण होते हैं। महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसर में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर और कोलोरेक्टल कैंसर शामिल हैं। ये पांच कैंसर भारत में महिलाओं की कैंसर मृत्यु दर का 44 फीसद हिस्सा बनाते हैं। स्तन कैंसर सबसे आम है और इसकी मृत्यु दर भी अधिक है, क्योंकि यह देर से पहचाना जाता है।

इस गंभीर समस्या का समाधान केवल चिकित्सा उपचार तक सीमित नहीं हो सकता।इसके लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है, जिससे महिलाओं को समय पर जांच और इलाज कराने के लिए प्रेरित किया जा सके। महिलाओं को स्वयं अपनी सेहत को प्राथमिकता देने की मानसिकता विकसित करनी होगी। साथ ही, सरकार को भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने के लिए मोबाइल हेल्थ वैन, निःशुल्क कैंसर जांच शिविर, और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता है। भारत में कैंसर की रोकथाम और इलाज को प्रभावी बनाने के लिए सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना होगा। सरकारी अस्पतालों में अत्याधुनिक जांच और उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाएं भी समय पर इलाज करा सकें। इसके अलावा, एचपीवी वैक्सीन को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को जड़ से खत्म किया जा सके। महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना भी आवश्यक है। यह केवल एक चिकित्सा समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मुद्दा भी है। इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार, स्वास्थ्य संगठनों, समाज और स्वयं महिलाओं को मिलकर प्रयास करने होंगे। महिलाओं के जीवन को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने के लिए हमें ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सके और भारत को स्वस्थ राष्ट्र बनाया जा सके।

## तस्वीरों की दुनिया



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना स्थित जेडीयू कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा संविधान सभा की महिला सदस्यों को दर्शाती प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर संबोधित किया।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नोएडा में एसआईएफआई डेटा सेंटर के उद्घाटन के दौरान।



दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने नई दिल्ली के ट्रांजिट कैंप बी-ब्लॉक में देवी काली माता मंदिर समिति के 41वें वार्षिक महोत्सव में लोगों से बातचीत की।



जयपुर में आईफा 2025 समारोह के दौरान सिनेमा में महिलाओं का सफर पर चर्चा में बोलीं माधुरी दीक्षित।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित डायरेक्ट सेलिंग महिला उद्यमिता शिखर सम्मेलन 2025 में भाग लिया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ, नई दिल्ली में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित नारी शक्ति से विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान।

# पंजाब की शाही धरोहर और सांस्कृतिक समृद्धि का केंद्र है पटियाला शहर

पटियाला किला, जिसे किला मुबारक के नाम से भी जाना जाता है, शहर का एक ऐतिहासिक और प्रमुख आकर्षण है। यह किला पटियाला के शाही इतिहास की गवाह है और इसकी भव्यता आज भी पर्यटकों को आकर्षित करती है। पटियाला पंजाब राज्य का एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक शहर है, जो अपनी शाही धरोहर, भव्य महलों, धार्मिक स्थलों और जीवंत संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर न केवल पंजाब बल्कि पूरे भारत में अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के लिए एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में जाना जाता है। पटियाला का इतिहास, यहाँ की वास्तुकला और यहाँ की समृद्ध संस्कृति पर्यटकों को आकर्षित करती है। आइए जानते हैं पटियाला के कुछ प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।



### 1. पटियाला किला

पटियाला किला, जिसे किला मुबारक के नाम से भी जाना जाता है, शहर का एक ऐतिहासिक और प्रमुख आकर्षण है। यह किला पटियाला के शाही इतिहास की गवाह है और इसकी भव्यता आज भी पर्यटकों को आकर्षित करती है। किले के अंदर शाही परिवार के कक्ष, महल और ऐतिहासिक दीवारें हैं। किला आज भी अपनी पुरानी शाही भव्यता को बनाए हुए है और यहाँ पर्यटकों को पंजाब के शाही अतीत का अहसास होता है।

### 2. कला मंढ़ी

कला मंढ़ी एक ऐतिहासिक किला और महल है, जो पटियाला के शाही परिवार के निवास के रूप में उपयोग किया जाता था। इस किले का निर्माण 18वीं शताबदी में हुआ था और यह वास्तुकला की एक बेहतरीन मिसाल प्रस्तुत करता है। किले के अंदर खूबसूरत बगीचे, महल और प्राचीन कलाकृतियाँ देखने को मिलती हैं। यह स्थान इतिहास प्रेमियों और वास्तुकला के शौकिनों के लिए आदर्श पर्यटन स्थल है।

### 3. बरी गेट

बरी गेट पटियाला के प्रमुख प्रवेश द्वारों में से एक है और यह शहर की ऐतिहासिक पहचान का प्रतीक है। यह गेट किले और महलों के पास स्थित है और यहाँ की वास्तुकला दर्शनीय है। गेट के आसपास स्थित बाजार और गलियाँ भी बहुत प्रसिद्ध हैं, जहाँ पर्यटक पंजाबी संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को देख सकते हैं।

### 4. पटियाला राजमहल

पटियाला राजमहल शहर का एक और प्रमुख आकर्षण है। यह महल एक शाही निवास स्थान था और इसकी भव्यता आज भी पर्यटकों को आकर्षित करती है। महल में शानदार कक्ष, बगीचे और दीवारों पर की गई सुंदर चित्रकारी देखने को मिलती है। यह महल शाही जीवनशैली का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है और यहाँ की वास्तुकला और डिज़ाइन पर्यटकों को बहुत प्रभावित करती है।

### 5. गुरुद्वारा मंजी साहिब

गुरुद्वारा मंजी साहिब पटियाला का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जो सिख धर्म के अनुयायियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह गुरुद्वारा गुरु गोविंद सिंह जी से जुड़ा हुआ है, जहाँ वह समय बिताने आए थे। यहाँ का शांत वातावरण और धार्मिक आस्थाएँ पर्यटकों को एक अद्भुत अनुभव प्रदान करती हैं। गुरुद्वारा में स्थित झील और बगीचे भी बहुत सुंदर हैं।

### 6. पटियाला जलाशय

पटियाला जलाशय एक शांतिपूर्ण स्थल है, जहाँ पर्यटक नाव की सवारी का आनंद ले सकते हैं। यह झील पटियाला शहर के बाहरी इलाके में स्थित है और यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता पर्यटकों को आकर्षित करती है। झील के किनारे स्थित बगीचे और झील का शांत पानी यहाँ आने वाले पर्यटकों को शांति और आराम का अनुभव कराते हैं।

### 7. ठंडी साहिब गुरुद्वारा

ठंडी साहिब गुरुद्वारा एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है, जो सिख धर्म के अनुयायियों के लिए पवित्र है। यह गुरुद्वारा विशेष रूप से उस स्थान पर स्थित है, जहाँ गुरु गोविंद सिंह जी ने अपनी पवित्र सेवा की थी। यह स्थल श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है, और यहाँ की शांतिपूर्ण और धार्मिक माहौल में पर्यटक एक अद्वितीय अनुभव महसूस करते हैं।

### 8. पटियाला के बाजार

पटियाला के कोट बाजार और बड़ी बाजार जैसे प्रसिद्ध बाजार पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र हैं। यहाँ पर आपको पंजाबी संस्कृति के पारंपरिक वस्त्र, जूतियाँ, चूड़ियाँ, हस्तशिल्प के सामान और अन्य पारंपरिक वस्तुएं मिलती हैं। यहाँ के बाजारों की हलचल, रंग-बिरंगे कपड़े और पंजाबी संगीत पर्यटकों को एक जीवंत और रंगीन अनुभव प्रदान करते हैं।

### 9. कला दी कुंडली

कला दी कुंडली एक ऐतिहासिक जल स्त्रोत है, जो पटियाला शहर के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाता है। यह जलाशय और इसके आसपास के वातावरण को देखकर पर्यटक इस स्थान की ऐतिहासिकता का अनुभव कर सकते हैं। यह स्थल विशेष रूप से उन पर्यटकों के लिए है जो इतिहास और संस्कृति में रुचि रखते हैं।

पटियाला एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर से भरा शहर है, जहाँ शाही महल, गुरुद्वारे, मंदिर, और ऐतिहासिक स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। यहाँ का ऐतिहासिक किला, गुरुद्वारे और खूबसूरत बगीचे इस शहर को एक अद्वितीय पर्यटन स्थल बनाते हैं। यदि आप भारतीय इतिहास, संस्कृति और शाही धरोहर में रुचि रखते हैं, तो पटियाला की यात्रा आपके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हो सकती है। यहाँ के रंग-बिरंगे बाजार, शाही महल और धार्मिक स्थल निश्चित रूप से आपके दिल को छूने वाले अनुभव प्रदान करेंगे।

## बॉडीकॉन आउटफिट पहन अनुष्का सेन ने शेयर किया किलर लुक



अनुष्का सेन आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अंदाज देककर फैंस मदहोश हो गए हैं।

एक्ट्रेस अनुष्का सेन हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका किलर लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उन पर से नजरें हटाने का नाम नहीं ले रहे हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

अनुष्का सेन की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने रेड कलर का ऑफ शोल्डर आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

खुले बालों को कर्ली स्टाइल में लुक कर के और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

## 30 दिनों तक रोजाना एक संतरा खाने से क्या होता है? जानें जवाब

ताजे फल हमारी सेहत के लिए जरूरी न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होते हैं. संतरा भी ऐसा ही एक फल है. संतरे में मौजूद विटामिन हमें कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से बचाते हैं. इसमें विटामिन सी, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और मिनरल भरपूर मात्रा में होते हैं. हालांकि, अगर आप एक महीने तक नियमित रूप से संतरे का सेवन करते हैं, तो आपको इसके कमाल के फायदे मिलेंगे. खबर में जानें कि 30 दिनों तक नियमित रूप से संतरा खाने से क्या-क्या फायदे होते हैं...

पोषक तत्वों से भरपूर होता है संतरा

सर्दियों का यह रसदार स्वादिष्ट फल विटामिन ए, बी और सी, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, फॉस्फोरस और कोलिन जैसे अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है. यह खाने में जितना स्वादिष्ट होता है, हमारी सेहत को भी उतना ही फायदा देता है. यह कोलेस्ट्रॉल को कम करने के साथ ही वजन को घटाने में भी मदद करता है. क्योंकि यह साइट्रस समूह का फल है, इसलिए यह हमारी त्वचा और हमारे बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है. संतरे में विटामिन सी के साथ विटामिन डी भी भरपूर मात्रा में होता है, जो कि हमारे शरीर में मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने में मदद करता है और हमें मौसमी संक्रमण से बचाता है.



30 दिनों तक नियमित रूप से संतरा खाने के फायदे

विशेषज्ञों के मुताबिक, एक महीने तक नियमित रूप से संतरा खाने से आपको कई तरह के फायदे मिलेंगे. संतरा खाने से कई बीमारियों को दूर किया जा सकता है. हर दिन एक संतरा खाने से आप सर्दी, खांसी, मौसमी या वायरल संक्रमण से खुद को बचा सकते हैं. इसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है. यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के लिए आश्चर्यजनक रूप से उपयोगी है. यह फल हमें कई तरह की बीमारियों से बचाता है. संतरा वजन घटाने की प्रक्रिया में भी अद्भुत काम करता है. इसमें कैलोरी कम और फाइबर भरपूर मात्रा में होता है.

इसके अलावा हर रोज एक संतरा खाने से दिल स्वस्थ रहता है. संतरे में पोटैशियम और फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखता है. संतरा त्वचा की देखभाल के लिए भी बेहतरीन है. त्वचा को प्राकृतिक नमी प्रदान करता है और झुर्रियों को दूर करता है. इसमें मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स की वजह से त्वचा अंदरूनी तौर पर स्वस्थ रहती है. संतरा खाने से कब्ज, गैस और अपच जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है. इसमें मौजूद फाइबर और प्राकृतिक एंजाइम पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं. संतरे में मौजूद विटामिन सी इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है.

**अन्य लाभ**

पुरानी बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद कर सकता है ब्लड शुगर लेवल को हेल्दी बनाए रखने में मदद कर सकता है, धमनियों को अवरुद्ध होने से रोकने में मदद कर सकता है, संतरे में मौजूद फोलेट (विटामिन बी9) न्यूरोट्रांसमीटर विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है, जो मूड विकारों में मदद कर सकता है.

## तेजी से वजन कम करने के लिए इन सुझावों का जरूर पालन करें



मोटापा एक गंभीर समस्या बनती जा रही है. कई लोग वजन बढ़ने से चिंतित रहते हैं. जैसे-जैसे आप वजन कम करने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाते हैं, उसका पूरा असर आपके चेहरे पर दिखने लगता है. इसके अलावा, अधिक वजन होने से हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और हार्ट डिजीज संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है. हेल्दी रहने के लिए वजन पर नियंत्रण आवश्यक है. लेकिन, अब आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है. क्योंकि अब आप तेजी से अपना वजन कम कर सकते हैं. इसके लिए हम आपको फिटनेस ट्रेनर योगदित्य सिंह रावल और डाइटीशियन पिंकी द्वारा सुझाई गई पावर डाइट के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं. जो वजन घटाने के लिए बहुत अच्छा है.

तेजी से वजन कम करने के लिए सुबह उठते ही खाली पेट गर्म पानी में नींबू का रस और शहद मिलाकर पिएं. ये शरीर में उत्पन्न हानिकारक एसिड को निकालने में मदद करते हैं. इसके अलावा, नीचे सूचीबद्ध कुछ खाद्य पदार्थों को अपने नाश्ते और दोपहर के भोजन में शामिल करें...

*नाश्ते में क्या शामिल करें?

ऑमलेट (2 अंडे का सफेद भाग) + ब्राउन ब्रेड (2 टुकड़े)
दूध (बिना वसा वाला) + कॉर्नफ्लेक्स या ओट्स
फलों का सलाद या अंकुरित अनाज
स्किम्ड मिल्क कॉटेज पनीर + ब्राउन ब्रेड
आप नाश्ते के लिए उपरोक्त में से कोई भी चीज चुन सकते हैं.

*दोपहर के भोजन में क्या शामिल करें?

भोजन से पहले एक गिलास ब्लैक कॉफी पीएं. इससे चयापचय बढ़ाने में मदद मिलेगी.
चिकन या सोयाबीन (200 ग्राम) + ब्राउन राइस (एक कप) या चपाती 1
काजू + सलाद + ब्राउन राइस (1 कप) या चपाती (1-2) वेजिटेबल डहलिया
पाचन में सहायता के लिए आप अपने भोजन में खट्टा दही (100 ग्राम) भी शामिल कर सकते हैं.

*शाम को क्या खाएं?

खट्टे फल
ग्रीन टी + दो मैरी लाइट बिस्कुट
उबले मटर

*रात के खाने में क्या खाएं?

सोयाबीन या सूप + सलाद
अंडे का पानी (3) + सब्जी का सूप
चिकन या टूना सलाद
सब्जियां या दलिया
दालें

* ध्यान रखने योग्य अन्य बातें

बहुत अधिक खाना न खाएं. सोने से कम से कम 3 से 4 घंटे पहले खाना खा लें.
शीतल पेय से बचें. इसके बजाय, आप नारियल पानी, सब्जी सूप और दही पी सकते हैं.
प्रतिदिन कम से कम 2 से 3 लीटर पानी पियें.
अपने आहार में फाइबर युक्त फल और सब्जियां शामिल करें.
शुगर युक्त, मीठे और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से बचें.
भोजन न छोड़ें. इससे शरीर को नुकसान पहुंचेगा.
बेकरी उत्पादों से बचें.
भोजन करते समय पानी पीने से बचें.
सप्ताह में कम से कम तीन दिन व्यायाम करें.

## शब्द सामर्थ्य -347

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, ईकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का भारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 346 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्षम | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |



## शिबानी को कहां से आया सीरीज डिब्बा कार्टेल का आइडिया?

शबाना आजमी के अलावा ज्योतिका, शालिनी पांडे, अंजलि आनंद और निमिषा सजयन जैसी उम्दा एक्ट्रेस ने वेब सीरीज 'डिब्बा कार्टेल' में ऐसी महिलाओं का रोल किया है, जो ड्रग, क्राइम के जाल में फंस जाती हैं। फिर ड्रग्स का बिजनेस करने लगती हैं। इस कहानी का आइडिया वेब सीरीज की क्रिएटर शिबानी दांडेकर को कैसे आया? इस सीक्रेट के बारे में शिबानी ने हाल ही में बताया है। शिबानी दांडेकर ने बताया कि वह एक समय में बहुत ज्यादा क्राइम ड्रामा देखा करती थीं।

# एबीयू ने सहायक प्राध्यापक डॉ. सुशील को हिन्दी में दी पीएचडी की उपाधि



**कोरिया।** जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के ग्राम सिवनी निवासी डॉ. सुशील कुमार तिवारी सहायक प्राध्यापक, शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मनेन्द्रगढ़ को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा हिन्दी विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।

उन्होंने अपना शोध प्रबंध शिव नारायण सिंह की बोध कथाओं में जीवन दृष्टि विषय पर शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर शोध केंद्र से विदुषी निर्देशिका डॉ. हरिणी रानी आगर के निर्देशन में पूर्ण किया है। उनके शोध का मुख्य विषय शिव नारायण सिंह की शिक्षण परंपरा पर केंद्रित है, जो उत्तर प्रदेश के देवरिया स्थित प्रेस्टिज इंटर कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य हैं। बिलासपुर के सीएमडी महाविद्यालय से गणित विषय में स्नातकोत्तर श्री सिंह का जन्म छत्तीसगढ़ के बिलासपुर हिर्री माइंस पुलिस थाने के शासकीय आवास में दिसंबर उन्नीस सौ बासठ को हुआ था जिन्हें पूरी दुनिया आज किस्सागो शिव नारायण सिंह के नाम से जानती है। श्री सिंह प्रतिदिन अपने विद्यालय की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को एक प्रेरणादायी बोधकथा सुनाते हैं जिनका संकलन विद्यार्थियों से...शीर्षक से दस खंडों में प्रकाशित हुआ है, जिनमें एक हजार बोध कथाएं संकलित हैं। उनकी शिक्षण की यह अनूठी पद्धति प्राचीन भारतीय गुरुकुल परंपरा की याद दिलाती है, जहाँ शिक्षा का उद्देश्य न केवल ज्ञान का प्रसार करना था, बल्कि नैतिक मूल्यों और जीवन दर्शन को भी केंद्र में रखा जाता था। प्राचीन परंपरा में शिक्षक-विद्यार्थी संबंध को विशेष महत्व दिया जाता था, और शिक्षा को केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखा जाता था, बल्कि उसे जीवन के सत्य और उद्देश्य को समझाने का माध्यम माना जाता था। श्री सिंह की शिक्षण पद्धति से प्रभावित होकर डॉ. तिवारी ने उनकी बोध कथाओं को अपने शोध का प्रमुख विषय बनाया और उन कथाओं के माध्यम से जीवन और शिक्षा के गहरे संदेशों का विश्लेषण किया। डॉ. तिवारी ने अपने अध्यापन कार्यों के साथ-साथ शोध जैसे महत्वपूर्ण कार्य को संकल्प, अनुशासन और कठिन परिश्रम के साथ सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। उन्होंने शिक्षण और अनुसंधान के बीच संतुलन स्थापित करते हुए ज्ञान के विस्तार में उल्लेखनीय कार्य किया है। उनकी समर्पित कार्यशैली और अनुशासित दृष्टिकोण न केवल उनके शैक्षणिक योगदान को समृद्ध बनाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों और शोध समुदाय को भी प्रेरित करते हैं। डॉ. तिवारी अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन तथा परिवार एवं महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग को देते हैं। निश्चित ही उनका यह शोधकार्य प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा भविष्य के शोधार्थियों के लिए एक उपयोगी संदर्भ सिद्ध होगा।

## आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश में कोरिया अव्वल

**कोरीया।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से 5 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधाएं देने के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने में कोरिया ने शीर्ष पायदान पर जगह बनाई है। जानकारी के अनुसार गरीब व जरूरतमंदों को बेहतर इलाज की सुविधा देने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरुआत की गई है। योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाकर 5 लाख रुपए तक की मुफ्त इलाज की सुविधाएं मिल रही है। कोरिया जिला आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी की मॉनिटरिंग में 94.6 फीसदी आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।

# नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन





**कोरिया/बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ आयुष संचालनालय रायपुर के आदेशानुसार व जिला आयुष अधिकारी कोरिया के निर्देशानुसार 8 मार्च को शासकीय बालिका आश्रम बुढ़ार में नि:शुल्क योग शिविर, छात्र स्वास्थ्य परीक्षण, स्वास्थ्य शिविर, ग्रीष्म ऋतु में होने वाले रोग और उनका प्रतिकार एवं एन सी डी के बारे में जानकारी बच्चोंऔर शिक्षकों को दी गई। शिविर में जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर कोरिया आयुषविंग के डॉक्टर बी आर नायक,डॉक्टर रमाकांत कुर्रे योग एवं नेचुरोपैथी कुमारी किरण तिर्की फार्मासिस्ट एवं पीतांबर सिंह नेताम का विशेष योगदान रहा। शिविर में कुल 61 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर लाभ प्रदान किया गया।

# जिले में महिलाओं के स्व-सहायता समूहों ने महतारी वंदन योजना की राशि से आमदनी के स्रोत बढ़ाये, अब उत्पादन पर ध्यान



**कोरिया।** जहां चाह वहां राह इस उक्ति को चरितार्थ कर दिखाया है एक महिला स्व-सहायता समूह ने, कोरिया जिले के छोटे से ग्राम आनि में संचालित ज्योति महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं जिले की आंगनबाड़ियों में रागी, सत्तू,ज्वार और बाजरे से बने लड्डू सप्लाई करती हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की महिला सशक्तिकरण की नीतियों से प्रभावित समूह की महिलाएं अपने हाथों से सेहत का लड्डू तैयार करती हैं। जिले की आंगनबाड़ियों में इन लड्डुओं को गर्भवती, शिशुवती माताओं एवं सुपोषण के लिए नवजात शिशुओं की माताओं को खिलाया जाता है।

समूह की अध्यक्ष श्रीमती सविता सिंह हैं। समूह की सदस्य श्रीमती गुलनाज़ बेगम बताती हैं कि पहले उनका समूह छोटे-मोटे उत्पाद के जरिए अपनी आजीविका चलाता है।

फिर समूह ने जिले में सुपोषण की मांग के अनुरूप रागी, सत्तू,ज्वार और बाजरे के लड्डू बनाना शुरू किया। इसके लिए उन्हें छत्तीसगढ़ सरकार की पहल और प्रोत्साहन से एक लाख 50 हजार रुपए का लोन मिला।

समूह की अन्य सदस्य श्रीमती राशिदा ने बताया कि हम समूह में स्वच्छता का ध्यान रखते हुए काम करते हैं। लड्डू निर्माण की पूरी प्रकिया में हाइजीन का विशेष ध्यान दिया जाता है। श्रीमती राशिदा ने बताया कि समूह में 20 महिलाएं हैं। सभी गृहणियां हैं। हमें स्थानीय प्रशासन की ओर से 60 हजार रुपए का भी ऋण प्रदान किया गया है। हमारा समूह जिले के लगभग 500 आंगनबाड़ियों को लड्डू सप्लाई करता है। राशिदा ने बताया महतारी वंदन योजना का लाभ मिलने की वजह से समूह की महिलाओं के सामने घरेलू खर्च की चिंता कम हुई है, इस वजह से समूह की महिलाएं ध्यान लगाकर समूह के में उत्पादन बढ़ाने में ध्यान दे रही हैं।

## महिला का अपहरण कर लूट को दिया अंजाम फिर.. जंगल में छोड़कर भागा बदमाश

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में महिलाओं हर दिन अपराध के कॅश दर्ज होते ही रहते है। ऐसे ही एक घटना बलरामपुर में फिर से देखने को मिली है। बता दें की आए दिन अपराशियों द्वारा महिलाओ के साथ लूट, अपहरण और दुष्कर्म जैसी कई बड़ी वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर से छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में महिला का अपहरण कर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। बता दें की आरोपी महिला का अपहरण कर उसे जंगल में ले गया। इसके बाद आरोपी ने महिला का मंगलसूत्र और मोबाइल छीन लिया। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी महिला को जंगल में छोड़कर फरार हो गया। वहीं दूसरी तरफ महिला का अपहरण कर उसे जंगल की ओर ले जाने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

# कोरिया मोदक: स्वस्थ मातृत्व और पोषण की अनूठी पहल




**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशुओं के पोषण को ध्यान में रखते हुए कोरिया मोदक लडडू निर्माण व वितरण की शुरुआत की गई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और जिला प्रशासन की दूरदर्शी सोच व पहल से योजना के अंतर्गत लगभग 2,000 गर्भवती महिलाओं को प्रतिदिन पोषणयुक्त मोदक लड्डू उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा, कोरिया जिले की अधिकांश गर्भवती महिलाओं को संतुलित और पौष्टिक आहार की आवश्यकता है। माताओं का अच्छा स्वास्थ्य ही स्वस्थ और मजबूत अगली पीढ़ी की नींव रखता है। इसी सोच के साथ हमने कोरिया मोदक लड्डू निर्माण व वितरण कार्य शुरू किया है, ताकि जच्चा और बच्चा दोनों को आवश्यक पोषण मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि, प्रसव पूर्व देखभाल (एएनसी जांच) गर्भावस्था के दौरान होने वाली गंभीर जटिलताओं का पता लगाने में मदद करती है, जिससे मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी आती है। इसी कारण यह जांच शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जा रही है और संस्थागत प्रसव को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम आनी में महिला स्व-सहायता समूहों की 25 महिलाएं प्रतिदिन 9,000 से 10,000 मोदक लड्डू तैयार कर रही हैं। इन लड्डुओं को सत्तू, रागी, बाजरा, ज्वार, गोंद, सोंठ, तिल, मूंगफली, इलायची और घी जैसी पौष्टिक सामग्रियों से बनाया जा रहा है। प्रत्येक लड्डू 30 ग्राम का होता है और इसमें आवश्यक प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम सहित अन्य पोषक तत्व शामिल हैं, जो गर्भवती महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। प्रत्येक गर्भवती महिला को 15 दिन के लिए 30 मोदक लड्डू (प्रति दिन दो) दिए जाते हैं। लड्डू आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से वितरित किए जाते हैं और जो महिलाएं केंद्र तक नहीं आ सकतीं, उन्हें पोषण संगवारी समूह की महिलाएं घर-घर जाकर लड्डू खिलाते हैं। इस योजना से गर्भवती माताओं को पोषण तो मिल ही रहा है, साथ ही ग्रामीण महिलाओं को रोजगार का नया अवसर भी मिल रहा है। कलेक्टर ने कहा, यह योजना केवल माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर भी बन रही हैं। वे आर्थिक रूप से सशक्त होकर अपने परिवार और समाज के विकास में योगदान दे रही हैं। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी और सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि हमने इस विशेष लड्डू का नाम मोदक इसलिए रखा है क्योंकि यह सिर्फ मिठाई नहीं, बल्कि आयुर्वेद में इसे औषधि के रूप में भी माना गया है। चरक संहिता में अभयादि मोदक और शतावरी मोदक का वर्णन है, जो स्वास्थ्यवर्धक होते हैं। गुड़ से बना मोदक पाचन सुधारता है और मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा, हमारी प्राथमिकता कुपोषण को जड़ से मिटाना है, साथ ही गर्भ में पल रहे शिशु को जन्म से पहले ही संपूर्ण पोषण देना है ताकि वह मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बन सके।

# नेशनल लोक अदालत में 7,735 प्रकरणों का निराकरण, 1.74 करोड़ रुपए का समझौता



**कोरिया/बैकुंठपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस लोक अदालत में कुल 15,106 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 7,735 प्रकरणों का समाधान कर 1,74,23,451 रुपए की राशि का समझौता किया गया।

लोक अदालत का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मो. रिजवान खान ने किया। न्यायालय में लंबित मामलों के त्वरित निराकरण हेतु सिविल न्यायालय बैकुंठपुर एवं मनेन्द्रगढ़ में 17 खंडपीठ का गठन किया गया, जहां 1,867 प्रकरणों का निपटारा कर 1,53,04,747 रुपए की राशि का समझौता हुआ। राजस्व न्यायालयों में भी लोक अदालत का व्यापक असर देखने को मिला। बैकुंठपुर और मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी) में कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार स्तर पर कुल 28 खंडपीठ बनाई गईं।राजस्व जिला कोरिया और एमसीबी में कुल 5,771 प्रकरणों का निराकरण किया गया। लोक अदालत में बैंक, विद्युत, नगरपालिका, टेलीफोन और राजस्व विभाग से जुड़े 12,630 प्री-लिटिगेशन प्रकरण रखे गए, जिनमें से 5,868 मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान किया गया। नेशनल लोक अदालत की खास बातें।

कुल प्रस्तुत प्रकरण 15,106, कुल निराकृत प्रकरण 7,735, कुल समझौता राशि 1,74,23,451 रुपए। लोक अदालत में तेजी से मामलों का निपटान हुआ, जिससे पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा ने बताया कि लोक अदालत आमजन को न्याय दिलाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसमें विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने पर जोर दिया जाता है।

# 23 को होगा राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान विकासखंड में प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



**कोरिया/सोनहत।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान 23 मार्च को होने जा रहा है। इस अभियान की तैयारियों को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अध्यक्ष नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की अध्यक्षता में जनपद सभा कक्ष में समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक में विकास खंड शिक्षा अधिकारी सोनहत सहित संकुल समन्वयक के साथ सभी ग्राम पंचायत के सचिव उपस्थित रहे।

बैठक में विकास खंड साक्षरता मिशन समिति से मिली जानकारी के अनुसार 15 से अधिक आयु वर्ग के चिन्हित शिक्षार्थी जो अभी शिक्षा की धारा से नहीं जुड़ सके हैं उनके अभियान के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न स्तर में समन्वयक को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिला परियोजना अधिकारी एवं राज्य साक्षरता मिशन के निर्देशों के अनुसार विकासखंड के प्रत्येक ग्राम तक प्रचार-प्रसार, नामांकन, पंजीकरण, डाटा कम्प्यूटरीकरण और परीक्षा की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्राम सचिवों की बैठक आयोजित कर परीक्षा केंद्रों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है जिसके अनुक्रम में यह जिम्मेदारी सचिव ग्राम पंचायत को दी गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी/नोडल अधिकारी को परीक्षा संचालन, मूल्यांकन और परीक्षा केंद्रों तक प्रश्न पत्रों की सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है जिसके लिए संकुल प्राचार्यों और समन्वयकों को परीक्षा केंद्रों पर समन्वय, उत्तर पुस्तिकाओं की जांच और डाटा एंट्री में सहयोग करने का कार्य सौंपा गया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार सभी परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु प्राप्त निर्देश की जानकारी प्रदान की गई साथ ही महापरीक्षा अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए दीवारों पर नारा लेखन और जागरूकता कार्यक्रम एवं मुनादी हेतु निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सभी संबंधित विभागों के सामूहिक प्रयासों से इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है, ताकि अधिक से अधिक शिक्षार्थी लाभान्वित हो सकें और साक्षरता दर में वृद्धि हो।

# युवती से अनाचार के मामले में तीन गिरफ्तार



**बलरामपुर।** अपने 2 मुंहबोले भाइयों व बहन के साथ पिकनिक स्पॉट गई एक युवती को शुक्रवार की शाम 3 लोगों ने अगवा कर लिया। इस दौरान एक आरोपी ने उसे दूसरी जगह ले जाकर बलात्कार किया। आरोपी ने युवती को कई घंटे तक अपने मकान में बंधक बनाकर रखा था। इधर आरोपी उसके भाइयों व बहन के साथ मारपीट कर रहे थे। इसी बीच आरोपियों के चंगुल से छूटकर थाने पहुंचे भाई ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वाड्रफनगर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिला निवासी एक युवती शुक्रवार को अपने 2 मुंहबोले भाइयों व बहन के साथ पिकनिक मनाने वाड्रफनगर चौकी क्षेत्र के खरहरा देव स्थल गई थी। शाम करीब 5 बजे 3 युवक सुनील, क्रिस्टोफर व राजपाल वहां पहुंचे और चारों के साथ मारपीट करने लगे। इस बीच आरोपी सुनील युवती को अपनी स्कूटी पर बैठाकर वहां से दूसरे जंगल में ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी उसे अपने मकान में ले गया और बंधक बनाकर रखा। इधर आरोपियों के चंगुल से छूटकर युवती का मुंहबोला भाई शाम करीब 7 बजे वाड्रफनगर चौकी पहुंचा और पुलिस को पूरी बात बताई। सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई और आरोपियों की खोजबीन में जुट गई। इसी बीच रात करीब 12 बजे पीड़िता थाने पहुंची और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मुख्य आरोपी सुनील व युवती का अपहरण करने तथा उसके भाइयों व बहन की पिटाई करने वाले सहयोगी क्रिस्टोफर व राजपाल को उनके ठिकानों पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार को तीनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस संबंध में चौकी प्रभारी धीरेंद्र तिवारी ने बताया कि मुख्य आरोपी ड्राइवर है। उसने युवती को अपने मकान में बंधक बना रखा था।

## अंडा करी व चावल खाने से महिला की मौत

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर के समलाया मंदिर निवासी 3 मार्च को एक महिला सहित तीन लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए थे। सभी को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। जबकि उसके बेटे व पोती के स्वास्थ्य में सुधार होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार सीमा देवी पति विजय कुमार उम्र 51 वर्ष कोतवाली थाना क्षेत्र के समलाया मंदिर के पास की रहने वाली है। उसके घर में तीन मार्च की दोपहर अंडा करी व चावल बना था। भोजन सीमा देवी, उसके पुत्र जय (22) व पोती दीक्षा (12) सहित अन्य लोगों ने किया था। भोजन करने के कुछ देर बाउ तीनों की तबियत बिगड़ने लगी।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस कर्मियों का सम्मान किया अधिकारी ने



**सूरजपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले की पुलिस के द्वारा महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने पुलिस सेवा में अपने कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्धता जताई। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को सम्मानित कर महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा के प्रावधानों, साइबर अपराध, महिलाओं को प्राप्त मूलभूत अधिकार सहित कई अहम जानकारियों से अवगत कराने, विभिन्न प्रकार के खेलकूद एक्टिविटी कराने के निर्देश दिए थे।

शनिवार, 08 मार्च 2025 को पुलिस लाईन सूरजपुर में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो ने महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि महिला दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, समानता और योगदान को सम्मान देना है। साथ ही महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका मकसद है। उन्होंने कहा कि हर सफलता के पीछे एक नारी की ताकत होती है, आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, कदम से कदम मिलाकर अग्रसर हो रही है। उन्होंने कहा कि जिले की महिला पुलिस अधिकारी-कर्मचारी दक्ष है और निष्ठापूर्वक सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन कर रही है जिसके लिए उन्होंने सभी को बधाई दी। रक्षित केन्द्र में पदस्थ महिला आरक्षक पार्वती सिंह हाल में राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता 800 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर जिले की पुलिस का नाम रौशन किया है जिन्हें महिला दिवस के अवसर पर स्मृति चिन्ह प्रदाय कर सम्मानित किया गया। महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं-बालिकाओं के लिए खेलकूद एक्टिविटी का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ में प्रथम सुनिता सिंह, द्वितीय शांती एक्का, चम्मच दौड़ में प्रथम वृन्दा सिदार, द्वितीय राधा सिंह, जलेबी दौड़ में प्रथम वृन्दा सिदार, द्वितीय सुनीता सिंह, जलेबी दौड़ बालिका में प्रथम रिया सिंह, द्वितीय रितिका राज, गिलास गिराने में महिला आरक्षक विमला खलखो, सिंधू कुजूर, चन्दा सिंह, चिंता पैंकरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिन्हें स्मृति चिन्ह प्रदाय कर सम्मानित किफिया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी ने निभाया। इस दौरान महिला पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, महिलाएं-बालिकाएं व पुलिस लाईन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिले के समस्त थाना-चौकी में कार्यरत् महिला अधिकारी कर्मचारियों को थाना-चौकी प्रभारियों ने स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर महिला दिवस की बधाई देते हुए सम्मानित किया है।

# हत्या, पांच और निपटेंगे...

# लुकाछिपी के बीच पकड़ाया आरोपी

**कोरबा।** लगभग एक पखवाड़ा से चल रहे घटना क्रम और हर किसी को भयभीत करने की हरकतों के बीच उरगा पुलिस ने विकास यादव नामक आरोपी को धर दबोचा है। इसके साथ ही राहत की सांस ली है। इस मामले में एक विवाहेतर संबंध को सबसे बड़ी वजह माना जा रहा है। अन्य सभी तथ्यों के बारे में विस्तृत जांच की जा रही है।

कोरबा जिले की उरगा पुलिस ने आखिरकार नवापारा से जुड़े मामले को चुनौती के अंदाज में लिया और हल कर ही दम लिया। नवापारा गांव में खुद को कलयुग का कल्कि अवतार बताकर रामसिंह की हत्या पिछले दिनों कर दी गयी थी। इसे अंजाम देने वाले आरोपी का नाम विकास कुमार यादव है, जो कोरबा-चांपा जिले की सीमा से लगे सिवनी गांव के सिंचाई कॉलोनी का निवासी है। उसने सुनियोजित ढंग से इस घटना को अंजाम दिया और पुलिस को गुमराह करने के लिए कई साजिशें रची। यह पूरी घटना नवापारा गांव में रहने वाली एक महिला के साथ अवैध संबंधो को लेकर घटी। आरोपी विकास ने जिस बुजूर्ग रामसिंह कंवर की हत्या की थी, उसका ईरादा उसकी नहीं बल्की उसके पुत्र जगदीश कंवर की हत्या करना था, लेकिन धोखे से उसने जगदीश के पिता राम सिंह कंवर की जिंदगी छिन ली। पूछताछ में पता चला कि जिस महिला के साथ आरोपी विकास यादव का अवैध संबंध था उसी महिला के साथ जगदीश के भी संबंध थे। इसी बात को लेकर आरोपी और महिला के बीच हमेशा खटपट होती रहती थी। आरोपी ने महिला को लाईन पर लाने की कोशिश की लेकिन नाकामी हासिल हुई। इसलिए आरोपी ने जगदीश को ही हटा दिया। जानकारी के अनुसार 23 फरवरी की रात आरोपी नवापारा गांव पहुंचार। यहां पर प्रधानमंत्री आवास के निर्माणाधीन स्थल के सामने चबूतरे पर सो रहे रामसिंह कंवर पर ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रुप से घायल किया और मौके से फरार हो गया।

रामसिंह को इस घटना के बाद कोरबा के नीजि अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने इस प्रकरण में अपराध दर्ज किया और जांच पड़ताल तेज की। इसके साथ ही अपने गुप्तचरों को सक्रिय किया की जानकारी हासिल करें। सूत्रों ने बताया कि रामसिंह पर प्राणघातक हमला किये जाने के अगली सुबह पता चला, कि जगदीश घर के भीतर सो रहा था।

## नई धमकियों से बिगड़ा मामला

रामसिंह की मौत के बाद नया तमाशा लोगों को देखने को मिला जिससे उन्हे भयभीत होना पड़ा। गांव में एक दीवार पर मोनू के साथ ही अन्य पांच लोगों की हत्या करने संबंधी धमकी भरा संदेश लिख मिला। मोनू ने इस मामले कें एक व्यक्ति से पुरानी रंजिश होने की जानकारी दी थी।संदेह के आधार पर पुलिस ने विकास को एक बार हिरासत में लेकर पूछताछ भी की लेकिन पुलिस के सामने उसने अपना मुंह नहीं खोला। और उसके बाद जिस मुक्तिधाम में रामसिंह कंवर का अंतिम संस्कार किया गया था उसी मुक्तिधाम के पिल्लर पर उसने तलवार और उसके नीचे चिट्ठी रख दी। आगे की पूछताछ और जांच में मामले की नई परते सामने आई और पूरे रहस्य से पर्दा उठ गया।

# एतमानगर व बालको रेंज की सीमा पर पहुंचा हाथियों का झुंड



**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के बालको वन परिक्षेत्र में विगत 4 दिनों से विचरण कर रहे हाथियों का झूंड अब एतमा नगर व बालको रेंज की सीमा पर पहुंच गया है। हाथियों के झूंड को आज सुबह सीमा पर स्थित कछार गांव के जंगल में विचरण करते हुए देखा गया और इसकी सूचना एतमा नगर रेंज के अधिकारियों व कर्मचारियों को दी गई, जिस पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी सतर्क हो गया है। जानकारी के अनुसार हाथियों के झुंड ने कल शाम होने के बाद मोहनपुर से मूवमेंट किया और जंगल ही जंगल होते हुए कछार गांव के पास स्थित जंगल में डेरा डाल दिया। वर्तमान में हाथियों का झुंड इसी स्थान पर विश्राम कर रहा है। शाम होने के बाद झुंड के आगे जाने की संभावना है। यदि हाथियों का झुंड आगे बढ़कर एतमा नगर रेंज में प्रवेश करता है वहां के अमले की परेशानी बढ़ जाएगी । वहीं कटघोरा वन मंडल में सक्रिय हाथियों की संख्या बढ़कर 62 के लगभग हो जाएगी। अभी कटघोरा वन मंडल के केंदई, जटगा व एतमा नगर के 50 की संख्या में हाथी अलग-अलग स्थानों पर घूम रहे हैं, जिनकी निगरानी वन विभाग द्वारा ड्रोन कैमरे व मैदानी अमले के जरिये लगातार की जा रही है।

## एसकेएमएस महामंत्री हरिद्वार सिंह लेंगे बैठक

**कोरबा।** एसकेएमएस के एसईसीएल महामंत्री हरिद्वार सिंह इन दिनों कोरबा के दौरे पर है। उनके द्वारा अलग-अलग एरिया में कार्यकर्ताओं की बैठक ली जा रही है। सदस्यता अभियान के अलावा एसकेएमएस का अधिवेशन भी होना है। सबसे पहले कुसमुंडा में कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। इस बैठक में हरिद्वार सिंह, अजय मिश्रा, अजय राव शामिल हुए। उनके यहां पहुंचने पर बीएल पनिका, अजीत सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद गेवरा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इस बैठक में दीपक उपाध्यक्ष, एलपी अघरिया, अरूण सिंह, हर नारायण केशरवानी, कृपाल सिंह ने स्वागत किया। यहां पर कोयला कामगारों की समस्याओं को चर्चा करते हुए आगे की रणनीति बनायी गई। अब कल ढेलवाडीह में कोरबा एरिया कार्यकर्ताओं की बैठक है। यहां पर हरिद्वार सिंह का स्वागत सुभाष सिंह, मनीष सिंह, प्रमोदधर दीवान, सुरेश श्रीवास, कृष्णा तिवारी, अशोक परिहार, राजेश दुबे, उज्ज्वल बेनर्जी के नेतृत्व में किया जाएगा।

## उपाध्यक्ष का चुनाव 13 को

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ होने के बाद अब उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव होगा। यह चुनाव 13 मार्च को आयोजित की गई है। भाजपा से ही उपाध्यक्ष बनें इसके लिए जोरदार प्रयास किये जा रहे हैं। जिलाभाजपा कार्यालय में पार्षदों व निर्दलीय पार्षदों की एक बैठक भी हुई है। निर्दलीय पार्षद भाजपा के साथ दिखाई दे रहे हैं। इधर कांग्रेस के पार्षद भी उपाध्यक्ष पद के लिए जोरतोड़ में लगे हुए हैं। कांग्रेस की ओर से तेज प्रताप, राजकुमार मिश्रा के नाम सामने आ रहे हैं। वैसे भाजपा व कांग्रेस के पार्षद अपने-अपने समर्थकों को एकजुट करने में लगे हुए हैं। निर्दलीय पार्षदों के भाजपा के साथ आने के कारण संभावना व्यक्त किया जा रहा है कि उपाध्यक्ष भाजपा का ही बन सकता है। 30 वार्डों में हुए चुनाव में 13 कांग्रेस, 10 भाजपा, 1 बसपा व 6 निर्दलीय पार्षद हैं।

## कार्य स्थल पर पहुंचकर महिलाओं का किया स्वागत

**कोरबा।** महिला दिवस के अवसर पर कल केएसएस के कार्यकर्ताओं द्वारा कार्य स्थल पर पहुंचकर महिलाओं का सम्मान किया। महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो एवं उसकी हाजिरी न कटे इसके लिए उन्हें कार्यस्थल पर जाकर स्वागत किया गया। खासकर ठेका मजदूरों का स्वागत करते हुए उन्हें कई सामान भी दिए गए।केएसएस के समार सिंह, सौजी जॉन, प्रेम सांडिल्य, सद्दाम, अनिल यादव का कहना है कि कुसमुंडा खदान क्षेत्र में सैकड़ों महिलाएं कार्यरत है। यह महिलाएं उपेक्षा की शिकार हैं। उन्हें कम वेतन में काम करना पड़ता है। इसके लिए केएसएस ने आंदोलन भी चलाया था। ठेका मजदूरों को सुरक्षा सामाग्री मिले इसके लिए काफी प्रयास किये गए हैं। कार्यस्थल पर पेयजल की व्यवस्था एवं चोट लगने पर दवाईयां रखने की मांग भी करते रहें हैं। ठेका मजदूरों को समय पर वेतन मिले, इसके लिए भी लगातार दबाव बनाया जाता रहा है। खासकर ठेका मजदूरों को ईलाज की सुविधा मिले इसके लिए भी प्रयास किए गए हैं।

## बिना भेदभाव के जनता के लिए करेंगे काम:पूनम



**कोरबा।** पूनम चौरसिया ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में बिना किसी भेद-भाव के काम किये जायेंगे। इस मामले में किसी को भी शिकायत का अवसर नहीं मिलेगा। कोरबा ब्लाक की बड़ी पंचायत रजगामार में लगातार दूसरी बार पूनम ने उप सरपंच पद पर 6 वोट के अंतर से जीत दर्ज की। उन्हें 21 में 13 वोट हासिल हुए। स्थानीय लोगों का सहयोग इस मामले मे रहा। पूनम ने कहा कि मूलभूत सुविधाओं की बेहतरी के लिए ध्यान दिया जायेगा।



**कोरबा।** कोरबा जिले के 12 रेंज के सैकड़ों गांव में महुआ टपक रहा है। घुटनों के दर्द से लेकर मेटाबालिज्म को बेहतर करने में इसकी भूमिका तय हो रही है।

## जिपं सदस्य सुष्मिता का हुआ स्वागत

**कोरबा।** जिला पंचायत सदस्य सुष्मिता अनंत का स्वागत पताड़ी में स्वास्थ्य केन्द्र के मेडिकल स्टाफ द्वारा किया गया। महिला दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा के कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे। नर्सों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता कमलेश अनंत, प्रकाश यादव, बॉबी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एनएच का नोटिस लेने से इंकार, टीआई ने सख्ती के साथ हटवाया हाईवे से अतिक्रमण



**कोरबा।** कटघोरा से अम्बिकापुर मार्ग पर चकचकवा पहाड़ ( हनुमान गढ़ी ) के सामने मुख्य मार्ग के बीचोबीच बेजा कब्जा कर संचालित हो रही दुकान आखिरकार हटा दी गयी। अतिक्रमण का विस्तार होने से समस्याएं पैदा हो रही थी। पोड़ी-उपरोड़ा एसडीएम का ध्यान इस बारे में आकर्षित कराने पर भी पिछले कई महिनों में कुछ नहीं हो सका। हाल में ही नेशनल हाईवे के नोटिस की जानकारी मिलने पर कटघोरा टीआई ने सख्ती के साथ अतिक्रमण को हटवा दिया।

चकचकवा पहाड़ (हनुमान गढ़ी) के सामने बेजा कब्जा और संबंधित परेशानियों पर थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने संज्ञान लेते हुए स्थिति का जायज़ा लिया और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को इस विषय से अवगत कराया और 3 दिवस में बेजा कब्जा हटाने नोटिस जारी किया। बेजा कब्जा धारी नोटिस लेने से मना कर रहा था। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बेजा कब्जाधारी को सख्त आदेश देते हुए 3 दिवस के भीतर अगर बेजा कब्जा नही हटाया गया तो उस पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। थाना प्रभारी के सख्त आदेश का पालन करते हुए बेजा कब्जाधारी ने 3 दिवस के भीतर वर्षों से किये गए बेजा कब्जा को हटाया और सम्भावित होने वाली दुर्घटना से वाहन चालकों को निजात मिला। चकचकवा पहाड़ (हनुमान गढ़ी) के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास शाम होते ही भारी वाहनों की लंबी कतार लग जाती है जिसकी वजह से रोजाना इस स्थान पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इस स्थान पर छोटे वाहनों को आने जाने में शाम होते ही भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस गंभीर समस्या पर नगर पालिका परिषद, प्रशासन व पुलिस प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है। ताकि पेट्रोल पंप के पास रोजाना भारी वाहनों के अव्यवस्थित तरीके से खड़े होने की समस्या से लोगों को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

# गोरखाली समाज ने मनाया प्री होली फेस्टिवल



**कोरबा।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महाराणा प्रताप नगर के दशहरा उत्सव मैदान कोरबा में प्रदेश गोरखाली समाज के समस्त महिलाओं ने एक साथ एकत्रित होकर, महिला दिवस को आनंद पूर्वक मनाया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती शकुन गुरुंग, प्रांतीय सचिव श्रीमती ललिता सिंह एवं महिला कार्यकारिणी ने भारत माता के तैल्यचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर समाज की समस्त महिलाओं को संबोधित करते हुए सशक्त समाज के निर्माण और नारी शक्ति की महत्ता को दर्शाते हुए कहा कि समाज में महिलाएं आज विश्वव्यापी रूप से मेरुदण्ड की तरह कार्य कर रही है। अनेकों वर्षों से महिलाएं घर, दफ्तर, अस्पताल, देश की सुरक्षा आंतरिक हो या सीमा में हो, विज्ञान, कला, धर्म , शिक्षा सभी क्षेत्रों में कंधे से कंधा मिलाकर , विकास कार्य को आगे बढ़ा रही है। बालिकाओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। इस वर्ष 2025 में प्रांतीय अध्यक्ष एवं सचिव महिला श्रेणी से बनी है, इसका विशेष उत्साह कार्यक्रम में हर्षोल्लास के साथ दिखा। वरिष्ठ माताओं को सम्मान थीम रखकर , माताओं को सम्मानित किया। समाज के सभी आयु वर्ग ने रंगारंग गीत प्रस्तुति, खेल , क्विज कार्यक्रम का आनंद लिया। प्रांतीय गोरखाली समाज छत्तीसगढ़ की प्रदेश अध्यक्ष शकुन गुरुंग ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सचिव डी बी सुब्बा, सूरज रसैली , बजरंग बहादुर सोनी ने सहयोग दिया। संगठन सचिव माया थापा एवं मीना पूरी ने संचालन किया।

## महापौर संजूदेवी के हाथों सम्मानित होंगी महिलाएं



**कोरबा।** साक्षी सेवा समिति द्वारा नारी प्रतिभा रत्न सम्मान 2025 का आयोजन पं मुकुट धर पांडेय साहित्य भवन समिति घंटाघर में आज शाम 4 बजे किया जाएगा। जिसमें छ ग की 51 महिलाओं को नारी प्रतिभा रत्न सम्मान 2025 प्रदान किया जाएगा। प्रांताध्यक्ष श्रीमती कौशिल्या खुराना इस सम्मान समारोह का आयोजन अपनी पूरी टीम के साथ करने जा रही हैं। सम्मानित होने वाली महिलाओं में डॉक्टर, ट्रेजरी आफिसर, प्राचार्य, व्याख्याता, एल आई सी एजेंट, ब्यूटीशियन, नर्स, शिक्षिका, समाज सेविका आदि शामिल हैं।

# खतरे में अधिकार, एटक ने की बैठक

## कोयला मंत्री के बयान से पैदा हुआ डर




**कोरबा।** संसद में कोयला मंत्री द्वारा दिए गए उस बयान को लेकर कामगार चिंतित हैं। जिसमें कहा गया कि 940 स्कीम के तहत बीमार मजदूरों को अनफिट घोषित कर उनके आश्रितों को नौकरी देने की सुविधा अब नहीं मिलेगी। एटक ने इसे मजदूरों के अधिकार को संकट से जोड़ते हुए आजाद चौक में आज बैठक की।

इस फैसले का विरोध करते हुए एटक नेताओं ने इसे मजदूरों के साथ अन्याय करार दिया। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो कोल इंडिया के स्तर पर बड़े आंदोलन की तैयारी की जाएगी, लेकिन मजदूरों के अधिकारों पर कुठाराघात नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में इस बात पर भी गहरी चिंता जताई गई कि विपक्ष-विहीन संसद में चार लेबर कोड पारित कर दिए गए हैं। इससे पहले 44 श्रम कानून लागू थे, जिनकी रोशनी में विभिन्न राज्यों में 156 कानून प्रभावी थे। लेकिन नए लेबर कोड लागू होने के बाद ये सभी कानून खत्म हो जाएंगे, जिससे मजदूर आंदोलन का अधिकार भी खतरे में पड़ जाएगा। मजदूर हितों की रक्षा के लिए सरकार से आर-पार की लड़ाई लड़ने की घोषणा की गई। इस संबंध में 18 मार्च को दिल्ली में भारत के 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों का कन्वेंशन आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के मजदूर भविष्य की रणनीति पर फैसला करेंगे। आज की बैठक में कामरेड हरिद्वार सिंह, अजय विश्वकर्मा, एल. पी. अगरिया, दीपक उपाध्याय, धरमा राव और अरुण सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

## साधक शामिल हुए हवन में

**कोरबा।** सिद्धाश्रम साधक परिवार द्वारा होली से पहले भाठापारा में हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कई जिले के साधक शामिल हुए। विजय साहू के निवास स्थान पर आयोजित इस कार्यक्रम में सबसे पहले गुरूपूजन होगा। इसके बाद हवन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी तरह रतनपुर महामाया मंदिर के निकट रामअवतार साहू के निवास स्थान पर 16 मार्च को गुरूपूजन के साथ हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। एवन कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में भी कई जिले के साधक शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। भांठापारा में लगभग पांच घंटे तक हवन का कार्यक्रम हुआ।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com